Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Saturday, 19 April 2025 ● Year : 03 ● Issue : 94 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

अच्छी आदतें अच्छे चरित्र की बुनियाद हैं।

-अरस्तू

Tamannaah Bhatia
To Star As Female...

SARAFA

सोना	:	9,125
चांदी	:	110.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

श्रीमद्भगवद्गीता व नाट्यशास्त्र यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में अंकित

NEW DELHI : शुक्रवार को यूनेस्को ने अपने विश्व स्मृति रजिस्टर में श्रीमद्भगवद्गीता और भरतमुनि के नाट्यशास्त्र को शामिल कर लिया है। इसके साथ अब यूनेस्को के मेमोरी ऑफ द वर्ल्ड रजिस्टर में देश के 14 अभिलेख इसमें शामिल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि यूनेस्को ने शुक्रवार कोअपने विश्व स्मृति रजिस्टर में 74 नए दस्तावेजी विरासत संग्रह जोड़े, जिससे कुल अंकित संग्रहों की संख्या 570 हो गई। 72 देशों और चार अंतरराष्ट्रीय संगठनों की प्रविष्टियों में वैज्ञानिक क्रांति, इतिहास में महिलाओं का योगदान और बहुपक्षवाद के प्रमुख मील के पत्थर जैसे विषय शामिल हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने खुशी जाहिर की है।

गाजा में इजरायल के हवाई हमले में 17 लोगों की मौत

NEW DELHI : शुक्रवार को तड़के गाजा में इजरायली हवाई हमले में बच्चों सहित कम से कम 17 लोग मारे गए। चिकित्सा कर्मियों ने यह जानकारी दी। इंडोनेशियाई अस्पताल के चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि मृतकों में शामिल 10 लोग जबालिया शरणार्थी शिविर से हैं। उनके शव अस्पताल लाये गए थे। वहीं, नासिर अस्पताल के कर्मियों ने बताया कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में सात लोग मारे गए, जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। ये सातों शव इस अस्पताल में लाये गए थे। इजरायली हमले तेज होने के बाद गाजा में एक दिन पहले दो दर्जन से अधिक लोग मारे गए थे।

अमेरिका में पांच लाख का इनामी खालिस्तान समर्थक आतंकी अरेस्ट

NEW DELHI : शुक्रवार को अमेरिका में खालिस्तान समर्थक संदिग्ध आतंकी व गैंगस्टर हैप्पी पासिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर भारत के चंडीगढ़ के साथ ही पंजाब में कई हमले करने का आरोप है। उसे इमिग्रेशन एंड कस्टम इंफोर्समेंट ने कस्टडी में ले लिया है। उसकी गिरफ्तारी पर भारतीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पांच लाख रुपये का इनाम रखा था। जांच एजेंसियों को पता चला है कि पासिया पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ मिलकर भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देता था। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक वह पाकिस्तान में छिपे खालिस्तानी आतंकी हरिवंदर सिंह रिंदा के लिए भी काम करता था।

बदला मौसम का मूड, तेज हवा व बारिश के साथ जमकर पड़े ओले

चिलचिलाती गर्मी से मिली लोगों को राहत, अधिकतम तापमान में आई गिरावट

- आज से 21 अप्रैल तक के लिए मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट
- वज्रपात के लिए भी जारी की गई है चेतावनी

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को राजधानी रांची में दोपहर दो बजे के आसपास अचानक मौसम का मूड बदला और बारिश शुरू हो गई। इसके पहले तेज धूप और गर्मी थी। तेज हवा और बारिश के साथ 20 मिनट तक लगातार ओले पड़ते रहे। ओले पड़ने की पटर-पटर की आवाज होती रही। सड़कों और मकानों की छतों पर चारों तरफ ओल दिखने लगे। 2:35 बजे फिर मौसम खुल गया और धूप हो गई। मौसम में बदलाव के कारण दिन की तेज गर्मी से राहत मिली। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, झारखंड के लोगों को अप्रैल महीने में चिलचिलाती गर्मी से बड़ी राहत मिली है। राजधानी रांची सहित लगभग सभी जिलों में काल बैसाखी की वजह से हल्की बारिश, तेज गर्जन, वज्रपात और 30 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे तापमान नियंत्रण में है।

कई जिलों में तापमान सामान्य

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में औसत तापमान लगभग 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। राज्य के अत्यधिक गर्म जिलों जैसे पलामू, गढ़वा, पूर्वी सिंहभूम, धनबाद, सिमडेगा और चतरा में भी इस बार तापमान पिछले वर्षों की तुलना में कम दर्ज किया गया है। हालांकि, कुछ दिनों के लिए इन जिलों में गर्म हवाओं और लू जैसे हालात भी बने, लेकिन मौसम में बदलाव के चलते लोगों को लंबे समय तक झुलसाने वाली गर्मी नहीं झेलनी पड़ी।

वज्रपात के साथ चलेगी तेज हवा

मौसम विभाग ने आगामी 21 अप्रैल तक येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में गर्जन, वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और खुले में पेड़ों के नीचे या बिजली के खंभों के पास खड़े न होने की सलाह दी है।

सब्जियों को नुकसान

शुक्रवार को राज्य भर के प्रमुख शहरों में तापमान सामान्य रहा। रांची में अधिकतम तापमान 31.1 डिग्री, जमशेदपुर में 37 .7, डालटनगंज में 39 .4, बोकारो में 33 .2 और चाईबासा में 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। लोगों के लिए राहत के साथ किसानों के लिए थोड़ी परेशानी लेकर आया है। ओले के कारण सब्जियों को नुकसान हो रहा है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों तक इसी तरह के मौसम की संभावना है, जिससे झारखंड के लोग गर्मी के कहर से कुछ और दिन तक बचे रहेंगे।

आत्मसमर्पण करने वाले 17 नक्सलियों पर 42 लाख रुपये का था इनाम

छत्तीसगढ़ के सुकमा में सुरक्षा बलों के सामने 33 नक्सलियों ने किया सरेंडर

- सरेंडर करने वालों में एक दंपती सहित नौ महिलाएं भी शामिल
- सभी नक्सलियों को प्रदान की गई 50 हजार रुपये की सहायता राशि
- पिछले साल सुकमा सहित बस्तर क्षेत्र में 792 नक्सलियों ने किया था आत्मसमर्पण

SUKMA@PTI : शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक नक्सली दंपती समेत 33 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 17 नक्सलियों पर कुल 49 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने बताया कि नौ महिलाओं समेत 22 नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जबकि बाद में दो महिलाओं समेत 11 अन्य नक्सलियों ने पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में आठ-आठ लाख रुपये के इनामी नक्सली मुचाकी जोगा (33) और उसकी पत्नी मुचाकी जोगी (28) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने बताया कि मुचाकी जोगा नक्सलियों की पीएलजीए कंपनी नंबर एक में डिप्टी कमांडर है तथा जोगी सदस्य है। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 33 नक्सलियों में पांच-पांच लाख रुपये के इनामी किकिड़ देवे (30) और मनोज उर्फ दूधी बुधरा (28) तथा दो-दो लाख रुपए के इनामी माड़वी भीमा (30), माड़वी सोमड़ी (48), संगीता (24), माड़वी कोसी (24), वंजाम सन्नी (24), माड़वी मंगली (35), ताती बंडी (35), माड़वी लक्ष्मण (65), दूधी दुला (40), कलमू हिड़मा (40) तथा रव्वा बीड़े (35) शामिल हैं। वहीं नक्सली पुनेम जोगा और नुप्पो पोज्जे पर 50-50 हजार रुपये का इनाम था।

22 नक्सली माड़ डिविजन में सक्रिय

अधिकारियों ने बताया कि 22 नक्सली माड़ डिविजन और नुआपाड़ा डिविजन में सक्रिय थे। 11 नक्सली फुलबगड़ी पुलिस थाना के अंतर्गत पंचायत बडेसट्टी में सक्रिय थे। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने 'खोखली' और 'अमानवीय' माओवादी विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर अत्याचारों से निराश होकर आत्मसमर्पण करने का फैसला किया है।

मुठभेड़ के बाद छह लाख रुपये व विस्फोटक बरामद

NARAYANPUR : छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने छह लाख रुपये नकद, 11 लैपटॉप, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के कोहकामेटा थाना के अंतर्गत कसोड़, कुमुरादी और आसपास के क्षेत्रों में नक्सली गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद पदमकोट शिविर से 14 अप्रैल को सुरक्षाकर्मियों के एक संयुक्त दल को रवाना किया गया था। इस दल में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर और भारत तिब्बत सीमा पुलिस के 41वीं वाहिनी के कर्मी शामिल थे। उन्होंने बताया कि गश्त के दौरान 15 अप्रैल को जब सुरक्षाबल के जवान कसोड़-कुमुरादी गांव के बीच जंगल में थे, तभी हथियारबंद नक्सलियों ने जवानों पर गोलीबारी शुरू कर दी। दोनों ओर लगभग तीन घंटे तक गोलीबारी के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षाबलों की इस कार्रवाई से नक्सलियों को भारी आर्थिक तथा रणनीतिक क्षति होने के साथ-साथ उन्हें यह साफ संदेश गया है कि अब वे अबूझमाड़ के किसी क्षेत्र में सुरक्षित नहीं है तथा उनके आश्रय स्थल सिमटते जा रहे है। नारायणपुर के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा, अबूझमाड़ के दुर्गम जंगलों और विकट भौगोलिक परिस्थितियों में रहने वाले मूल निवासियों को नक्सलवादी विचारधारा से बचाना और उन्हें माओवादी सिद्धांतों के प्रभाव से बाहर निकालना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है, जिससे क्षेत्र में विकास एवं शांति कायम हो सके।

टीम के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्पेन व स्वीडन के लिए रवाना

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार का एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्पेन और स्वीडन के दौरे पर रवाना हो गया। प्रतिनिधिमंडल रांची से दिल्ली पहुंचा है। वहां से 19 अप्रैल यानी शनिवार को प्रतिनिधिमंडल स्पेन के लिए रवाना होगा। यह यात्रा 27 अप्रैल तक होगी। इस यात्रा का उद्देश्य झारखंड और स्पेन के बीच औद्योगिक, ऊर्जा (पारंपरिक व नवीकरणीय), उन्नत विनिर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना है। मुख्यमंत्री के साथ इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उद्योग सचिव अरवा राजकमल, निदेशक उद्योग सुशांत गौरव, मुख्यमंत्री के निजी सलाहकार अजय कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि शामिल हैं। इस यात्रा के दौरान झारखंड सरकार की प्राथमिकता राज्य में उच्च गुणवत्ता वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करना है।

भारत-स्पेन के आर्थिक संबंध मजबूत

भारत और स्पेन के बीच आर्थिक संबंध पिछले एक दशक में काफी मजबूत हुए हैं। वर्तमान में भारत में 280 से अधिक स्पेनिश कंपनियां कार्यरत हैं और 2024 में द्विपक्षीय व्यापार 8.78 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो सालाना 6.3% की वृद्धि को दर्शाता है। खासकर अक्षय ऊर्जा, धातु उद्योग, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच गहरा तालमेल है।

संसाधन संपन्न राज्य है झारखंड

झारखंड, जो देश के सबसे संसाधन-संपन्न राज्यों में से एक है, औद्योगिक उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाता है। यहां टाटा स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया (सेल), एनटीपीसी, वेदांता, टाटा पावर, अडानी पावर और लिंडे ग्रुप जैसी बड़ी कंपनियां पहले से ही निवेश कर चुकी हैं।

राजधानी में आभूषण दुकानदार को मारी गोली

रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में दिया गया वारदात को अंजाम, फौरन फरार हो गए आरोपी

- दुकानदार के कंधे में लगी है गोली, अस्पताल में चल रहा इलाज
- घटनास्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी, शुरू की मामले की जांच

'पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। अपराधी जल्द पकड़े जाएंगे।'

-सुमित अग्रवाल
ग्रामीण एसपी

PHOTON NEWS RANCHI : शुक्रवार को राजधानी के रातू थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक आभूषण दुकानदार को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली लगने के बाद घायल दुकानदार को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में आकाश ज्वेलर्स के मालिक बसंत कुमार को दुकान में घुसकर अपराधियों ने गोली मारी है। रातू थाना प्रभारी रामनारायण ने बताया कि घटना को लूट के उद्देश से अंजाम दिया गया है या किसी अन्य वजह से इसकी जांच की जा रही है। बदमाशों ने घायल दुकानदार को कंधे में गोली मारी है।

हथियार लेकर दुकान में घुसे थे आरोपी : घायल दुकानदार बसंत कुमार ने पुलिस को बताया है कि वह अपनी दुकान में बैठे थे। इसी दौरान हथियार लेकर बदमाश दुकान के अंदर आ गए। दुकान में आते ही उन्हें गन प्वाइंट पर लेकर दुकान की तिजोरी को खोलने को कहा। उसने हिम्मत दिखाते हुए विरोध किया। इतने में आसपास के लोग जब इकट्ठा होने लगे तब एक बदमाश ने बसंत कुमार पर फायर कर दिया। फायरिंग में एक गोली बसंत कुमार के कंधे में जा लगी। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए।

डॉ. शशि बाला सिंह बनीं रिम्स की प्रभारी निदेशक

PHOTON NEWS RANCHI : राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। राज्य सरकार ने रिम्स निदेशक डॉ. राज कुमार को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। वहीं रिम्स की डीन एकेडमिक डॉ. शशि बाला सिंह को संस्थान का अंतरिम प्रभारी निदेशक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की अधिसूचना भी राज्य सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। निदेशक पद की जिम्मेदारी संभालने के बाद डॉ. शशि बाला सिंह ने आभार संदेश जारी करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।

तत्काल प्रभाव से हटाए गए डायरेक्टर डॉ. राजकुमार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया अनुमोदन

बता दें कि गुरुवार को देर रात जारी अधिसूचना में बताया गया है कि डॉ. राज कुमार का कार्यकाल असंतोषजनक पाया गया और उन्होंने मंत्रिपरिषद, शासी परिषद व विभाग के निर्देशों का पालन नहीं किया। इसके साथ ही, रिम्स अधिनियम, 2002 के उद्देश्यों को पूरा करने में भी उनकी भूमिका संतोषजनक नहीं रही। राज्य सरकार ने रिम्स नियमावली, 2002 के नियम 9(6) के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें तीन माह का वेतन एवं भत्ते प्रदान कर तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया, जिस पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का अनुमोदन प्राप्त है। डॉ. राज कुमार को 31 जनवरी 2024 को अधिसूचना संख्या 264/रिम्स के तहत तीन वर्षों के लिए निदेशक नियुक्त किया गया था।

चिंताजनक स्नोस्लाइड से मौत के मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर है भारत

तापमान वृद्धि के कारण लगातार बढ़ रहीं हिमस्खलन की घटनाएं

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : हिमस्खलन का मतलब किसी ढलान या पहाड़ से बर्फ का नीचे की ओर तेजी से गिरना होता है। यह एक प्राकृतिक आपदा है। हिमस्खलन पहाड़ी इलाकों में जान-माल के लिए सबसे खतरनाक प्राकृतिक खतरों में से एक माना जाता है। हिमस्खलन आमतौर पर ऊंचे क्षेत्रों में उपस्थित हिमपुंज में अचानक अस्थिरता पैदा होने से शुरू होता है। हिमस्खलन में फंसे लोग दम घुटने, चोट लगने या हाइपोथर्मिया से मर सकते हैं। हाइपोथर्मिया के दौरान शरीर का तापमान इतना कम हो जाता है कि व्यक्ति उसे बर्दाश्त नहीं कर पाता है और उसकी मौत हो जाती है। हिमस्खलन के दौरान बर्फ कंक्रीट की तरह ठोस हो जाती है, जिसे काटना या खोदाई करना बहुत मुश्किल होता है। हाल में हुए रिसर्च से यह जानकारी मिली है कि हिमस्खलन से होने वाली मौतों के मामले में भारत दुनिया में दूसरे नंबर पर है। अफगानिस्तान इस सूची में सबसे ऊपर है। कोलोराडो के पहाड़ी क्षेत्रों में भी हर साल हजारों हिमस्खलन होते हैं, जो स्कीयर, स्नोबोर्डर्स, हाइकर्स और स्नोमोबिलर्स के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं।

पहाड़ी इलाकों में जान-माल के लिए गंभीर प्राकृतिक खतरा माना जाता है हिमस्खलन

- हिमालयी क्षेत्रों में मैदानी इलाकों की तुलना में अधिक तेज होता है टेंपरेचर में इजाफा
- 4000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में प्रति दशक 0.5 डिग्री होती है वृद्धि
- ऊंचे क्षेत्रों में उपस्थित हिमपुंज में अचानक अस्थिरता पैदा होने से शुरू होता है स्नोस्लाइड
- हिमस्खलन में फंसे लोगों की दम घुटने, हाइपोथर्मिया या चोट लगने से हो सकती है डेथ

प्रभावित होती है स्थानीय लोगों की आजीविका

स्नोस्लाइड के दौरान कंक्रीट की तरह ठोस हो जाती है बर्फ, जिसे काटना या खोदना बहुत मुश्किल

बढ़ते तापमान की वजह से हिमालय में अधिक हिमस्खलन हो रहे हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। हिमालय में 1972 से 2022 के बीच हर साल औसतन 62 लोगों की जान गई, जिससे कुल 3,100 से अधिक मौतें दर्ज की गईं। इनमें सबसे अधिक 1057 मौतें अफगानिस्तान में हुईं। भारत 952 मौतों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। नेपाल, भूटान और पाकिस्तान में भी हिमस्खलन के कारण कई जानें गईं।

उत्तराखंड के कई जिले अधिक संवेदनशील

उत्तराखंड में हिमस्खलन की दृष्टि से सबसे संवेदनशील क्षेत्र उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और पिथौरागढ़ जिले हैं। खासकर 3000 मीटर से ऊपर के क्षेत्र हिमस्खलन के लिहाज से अत्यधिक संवेदनशील हैं। माणा-बदरीनाथ क्षेत्र समुद्र तल से 3100-3300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यह हिमस्खलन की दृष्टि से अधिक संवेदनशील है। 28 फरवरी 2025 को यहां एक बड़ा हिमस्खलन हुआ, जिसमें 55 मजदूर इसकी चपेट में आ गए। राहत कार्यों के दौरान 46 लोगों को बचा लिया गया, लेकिन 8 लोगों की जान चली गई।

शेयर मार्केट में निवेशकों की संपत्ति चार दिनों में 25.77 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

MUMBAI : पिछले चार कारोबारी सत्रों में शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में छह प्रतिशत से अधिक की तेजी आई है। अमेरिका के शुल्क पर अस्थायी रोक, विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजार में वापसी और दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान सामान्य से अधिक बारिश की भविष्यवाणी के कारण बाजार बढ़त में रहा है। इसके अलावा, बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति के लगभग छह वर्ष के निचले स्तर पर पहुंचने से भी नीतिगत दर में और कटौती की उम्मीद बढ़ी है। पिछले चार कारोबारी दिनों में बीएसई सूचकांक 4,706.05 अंक यानी 6.37 प्रतिशत बढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 1,452.5 अंक यानी 6.48 प्रतिशत की तेजी रही।

रोहित वेमुला अधिनियम लागू करने को राहुल ने सिद्धरमैया को लिखा लेटर

AGENCY NEW DELHI : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को पत्र लिखकर कहा है कि प्रदेश में रोहित वेमुला अधिनियम लागू किया जाए ताकि वंचित वर्गों के किसी छात्र को जातिवाद का वो दंश नहीं झेलना पड़े, जिसे बाबा साहब भीमराव आंबेडकर, रोहित वेमुला और करोड़ों लोगों ने झेला है।

कांग्रेस ने वर्ष 2023 के अपने रायपुर महाधिवेशन में वादा किया था कि सत्ता में आने पर वह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक वर्गों के छात्रों का सम्मान एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रोहित वेमुला अधिनियम नामक एक विशेष कानून पारित करेगी। हैदराबाद विश्विद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला ने जनवरी, 2016 में कथित जातिगत भेदभाव के कारण आत्महत्या कर ली थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सिद्धरमैया को लिखा पत्र शुक्रवार को 'एक्स' पर साझा किया। पत्र 16 अप्रैल की तारीख है। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। उन्होंने कहा, हाल ही में संसद में मेरी मुलाकात दलित, आदिवासी और ओबीसी समुदाय के छात्रों और शिक्षकों से हुई थी।

BRIEF NEWS

महिला क्रिकेट में प. सिंहभूम व रांची की भिड़ंत आज

CHAIBASA : झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वावधान में पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला महिला सीनियर क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में कल गत वर्ष की उपविजेता टीम रांची का मुकाबला 19 अप्रैल को मेजबान पश्चिमी सिंहभूम से होगा। चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस प्रतियोगिता के सुपर डिवीजन मुकाबले में पश्चिमी सिंहभूम ने बोकारो एवं जमशेदपुर को पराजित कर फाईनल में जगह बनाई है। वहीं रांची के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सुपर डिवीजन के दूसरे मुकाबले में रांची ने गत वर्ष की चैंपियन टीम सिमडेगा एवं धनबाद को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ-साथ 80,000 रुपये, जबकि उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 60,000 रुपये का चेक प्रदान किया जाएगा।

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री ने बासुकीनाथ में की पूजा

DUMKA : एनडीए गठबंधन के महत्वपूर्ण घटक दलों में से एक जदयू नेता केंद्रीय पंचायती राज और मत्स्य मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह शुक्रवार को धार्मिक नगरी बासुकीनाथ पहुंचे। जहां उन्होंने अपने सहयोगियों संग पूरे श्रद्धा और निष्ठा के साथ षोड्षोपचार विधि से बाबा बासुकीनाथ का पूजा अर्चना किया। मुंगेर सांसद सह केंद्रीय मंत्री ने भोलेनाथ पर जल चढ़ाने के बाद माता पार्वती, मां काली और बगलामुखी की पूजा अर्चना व आरती में भी शामिल हुए।

स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भड़के राज्य के होमगार्ड

DHANBAD : राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के खिलाफ झारखंड के होमगार्ड जवान भड़के हुए हैं। मामला सरकारी अस्पतालों से होमगार्ड जवानों को हटाकर निजी सुरक्षा एजेंसियों के गार्ड को नियुक्त करने का है। इस मामले को लेकर झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन ने विरोध दर्ज कराया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि मुखर्जी और प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री ने होमगार्ड जवानों के साथ अन्याय किया है। जब प्रशिक्षित होमगार्ड के जवान रिम्स में प्रतिनियुक्ति हैं, तो होमगार्ड जवानों की संख्या में कटौती कर निजी सुरक्षाकर्मियों को प्रतिनियुक्त करने की क्या आवश्यकता है। अभी इसकी शुरूआत रिम्स से हुई है। इसके बाद राज्य भर के सरकारी अस्पतालों में तैनात होमगार्ड जवानों को हटाया जाएगा। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि स्वास्थ्य मंत्री होमगार्ड जवानों की संख्या बल में कटौती संबंधी आदेश वापस नहीं लेते हैं, तो आने वाले दिनों में एसोसिएशन आंदोलन को बाध्य होगा। तिवारी ने बताया कि वर्ष 2021 में झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन और झारखंड सरकार के बीच यह सहमति बनी थी कि जितने भी सरकारी विभाग, संस्थान अथवा प्रतिष्ठान हैं, वहां सुरक्षा का कार्य होमगार्ड जवानों से लिया जाएगा। इस संबंध में झारखंड सरकार ने अधिसूचना भी जारी की थी। ऐसे में जो आदेश निर्गत किया गया है, वह पूरी तरह से गलत है।

पलामू के छतरपुर में नाबालिग की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

जुए में जीते पैसे को लेकर विवाद होने की सामने आ रही बात, पुलिस कर रही जांच

AGENCY PALAMU : पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में जुए में जीते पैसों को लेकर विवाद होने पर एक नाबालिग की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गयी। घटना रुद गांव की है। तीन नाबालिगों ने अपने ही दोस्त की हत्या कर दी।

मृतक की पहचान 16 वर्षीय कृष्णा भुइयां उर्फ कईला के रूप में हुई है। घटना गुरुवार की रात की है। शुक्रवार को एमआरएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम किया गया।

जानकारी के अनुसार कृष्णा अपने दोस्तों के साथ नशा करने के बाद जुआ खेल रहा था। जुए में उसने तीन हजार रुपये जीत लिए, जिसको लेकर विवाद हो गया। उस समय कृष्णा के परिवार के सदस्य गांव में एक शादी समारोह में गए हुए थे और घर में ताला लगा था।

घटनास्थल पर शव के पास जुटे लोग ● फोटोन न्यूज

कृष्णा अपने एक दोस्त के घर सोने चला गया। इसी दौरान उसके दोस्तों ने कुल्हाड़ी से उसके सिर और सीने पर वार कर उसकी हत्या कर दी। आरोपियों ने शव को घसीटकर कृष्णा के घर के बाहर फेंक दिया।

आज सुबह जब परिवार के सदस्य शादी समारोह से लौटे, तो उन्होंने कृष्णा का खून से लथपथ शव घर के बाहर देखा। पुलिस को सूचना दी गई।

सब इंस्पेक्टर राहुल कुमार और सुशील कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया।

मृतक के पिता कुलदीप भुइयां ने बताया कि कृष्णा उनका सबसे छोटा बेटा था और उसे नशे और जुए की लत थी। पुलिस ने खून के निशानों के आधार पर जांच की और हत्या में शामिल तीन नाबालिग दोस्तों को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के अनुसार आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।

सारंडा जंगल में आईईडी ब्लास्ट, बाल-बाल बचे सुरक्षाकर्मी

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जगल में शुक्रवार को आईईडी ब्लास्ट हो गया, जिसमें सुरक्षाकर्मी बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि जराइकेला थाना क्षेत्र में समठा और रेड़ा के बीच सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान आईईडी ब्लास्ट हुआ। इस विस्फोट में सीआरपीएफ के जवान बाल,बाल बच गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, सामठा में पदस्थापित जवान दिगंबर डे अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। अचानक मधुमक्खियों ने उन पर हमला कर दिया। मधुमक्खी के हमले से घायल जवान को अन्य जवान इलाज के लिए बिसरा ले जा रहे थे। इसी दौरान सामठा और रेड़ा के बीच भेंगरा बस्ती से करीब एक किलोमीटर दूर रास्ते में आईईडी विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में सभी जवान बाल-बाल बच गए। घटना के तुरंत बाद सुरक्षा बलों ने सर्च अभियान चलाया और घटनास्थल के पास से एक पाइप बरामद किया है। जानकारी मिली कि इसी पाइप के जरिए विस्फोट कराया गया था। मधुमक्खी के हमले से घायल जवान का इलाज बिसरा में चल रहा है।

पलामू में सहायक शिक्षक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

PALAMU : पलामू प्रमंडल के गढवा जिले के भंडरिया प्रखंड के करचाली गांव निवासी सह नव प्राथमिक विद्यालय चिरैयाटांड़ के सहायक शिक्षक हसनैन अंसारी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर अभिजीत गौतम मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि बीते दिसंबर महीने में करचाली पंचायत के मुखिया मोनिका खलखो ने भंडरिया थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी कि विभागीय आदेश के आलोक में वे ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन में विशेष ग्रामसभा कर रही थी। इसी दौरान वह सहायक शिक्षक पंचायत भवन पहुंचकर मुखिया पर नियम के विरोध में काम करने का दबाव बनाने लगा। वहीं इनकार करने पर मुखिया के साथ गाली गलौज, मारपीट के साथ छेड़छाड़ करते हुए ग्राम सभा पंजी फाड़ कर फेंक दिया। बाद में पंचायत भवन में उपस्थित लोगों ने मुखिया को बचाया, जिसके बाद पुलिस ने छेड़छाड़ के अलावे सरकारी दस्तावेज फाड़कर फेकने से संबंधित थाने के मामला दर्ज किया, जिसके बाद आरोपित की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था, इसी बीच पुलिस ने उसे गिरफ्तार जेल भेज दिया है।

गिरफ्त में सहायक शिक्षक

प. बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा को लेकर शहर में भी दिख रहा आक्रोश

गोविंदपुर में फूंका गया बंगाल की सीएम ममता बनर्जी का पुतला

PHOTON NEWS JSR : जमशेदपुर हिंदू युवा एकता वाहिनी की ओर से शुक्रवार को गोविंदपुर के चांदनी चौक पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका गया। इस दौरान मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के उपर हो रहे अत्याचार का विरोध में ममता बनर्जी हाय-हाय... के नारे भी लगे। इससे पहले गोविंदपुर स्टेट बैंक से चांदनी चौक तक सीएम की शव यात्रा निकाली गई। इस दौरान कार्यकताओं ने संकल्प लिया कि वे किसी भी हाल में बांग्लादेशियों को गोविंदपुर में घुसने नहीं देंगे। पुतला दहन में हिंदू युवा एकता वाहिनी के अध्यक्ष जुगनू वर्मा, महामंत्री पंकज सिंह, संरक्षक विकास सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन सिंह, आजसू के वरीय उपाध्यक्ष संजय सिंह, पंचायत समिति सदस्य अंजय सिंह (भोला), रूपेंद्र सिंह, अरविंद सिंह चौहान, जगदीश मिश्रा, प्रिंस सिंह, अजीत सिंह, अरविंद पांडे, शंभू शरण, अमन पाठक, विजय शर्मा, रूपेश सिंह, सोनू लाल आदि भी उपस्थित थे।

गोविंदपुर में शवयात्रा निकालने के दौरान नारेबाजी करते लोग ● फोटोन न्यूज

आज विहिप कार्यकर्ता करेंगे प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

JAMSHEDPUR : पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की हुई नृशंस हत्या, उपद्रव, आगजनी, हिंसा, लूटपाट और बड़े पैमाने पर पलायन की घटनाओं को लेकर पूरे भारत के हिंदू समाज में आक्रोश है। इन घटनाओं को रोकने के लिए बंगाल मे राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग को लेकर शहर के हिंदू संगठन शनिवार को राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेंगे। विश्व हिंदू परिषद-बजरंगदल विश्व हिंदू परिषद जमशेदपुर महानगर और सभी समवैचारिक संगठन एकजुट होकर 19 अप्रैल को सुबह 11 बजे उपायुक्त कार्यलय के समक्ष बंगाल मे राष्ट्रपति शासन की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

झारखंड के सभी अस्पतालों में फायर और विद्युत सुरक्षा ऑडिट अनिवार्य, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया निर्देश

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के सभी सरकारी एवं निजी अस्पतालों, स्वास्थ्य संस्थानों और चिकित्सा महाविद्यालयों में आग और विद्युत सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए इन संस्थानों में फायर ऑडिट और विद्युत सुरक्षा ऑडिट समय पर कराना अनिवार्य कर दिया गया है। भले ही संस्थान पहले से एनओसी प्राप्त कर चुके हों।

अस्पतालों का दोबारा कराए ऑडिट : जारी दिशानिर्देश के अनुसार प्रत्येक जिले के मुख्य अग्निशमन अधिकारी और विद्युत सुरक्षा निरीक्षक से समन्वय स्थापित कर सभी अस्पतालों का दोबारा ऑडिट सुनिश्चित करना होगा। ऑडिट में पाई गई कमियों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से यथाशीघ्र दूर करने की भी बात कही गई है।

जरूरी विद्युत उपकरणों का ही करें प्रयोग

स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिया है कि अस्पतालों में अनावश्यक विद्युत उपकरणों का प्रयोग रोका जाए क्योंकि इससे न केवल बिजली की खपत बढ़ती है बल्कि ओवरलोडिंग के कारण शॉर्ट सर्किट और आग लगने की आशंका भी रहती है। संवेदनशील स्थानों पर फायर एक्सटिंग्विशर जैसी सुरक्षा व्यवस्थाएं सक्रिय स्थिति में रखी जाएं। इसके अलावा ये भी निर्देश दिया गया है कि किसी भी आकस्मिक घटना की सूचना त्वरित रूप से देने हेतु अस्पतालों के प्रमुख स्थानों पर आपातकालीन संपर्क नंबर और जिम्मेदार अधिकारियों के मोबाइल नंबर प्रदर्शित किए जाए। इससे लोग तुरंत सूचना दे सकते है।

इन बातों का रखें ध्यान

स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पताल प्रबंधन से यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि जहां कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं है, वहां बिजली की आपूर्ति बंद होनी चाहिए। साथ ही स्विच बोर्डों और विद्युत उपकरणों के पास ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पेपर, फाइल आदि न रखी जाएं। निजी अस्पताल, नर्सिंग होम और चिकित्सा इकाइयों के पंजीकरण और नवीनीकरण के समय फायर और विद्युत सुरक्षा की एनओसी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। इन निदेशों का उल्लंघन करने वालों पर विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

टाटा मोटर्स यूनियन के पूर्व अध्यक्ष तोते का नहीं होगा को-ऑप्शन

JAMSHEDPUR : टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन की कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को यूनियन के सभागार में हुई। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। चर्चा के बाद तय हुआ कि कार्यकारिणी से ही कोई अध्यक्ष होगा। ऐसे में साफ हो गया कि पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते का को-ऑप्शन नहीं होगा। इससे पहले को-ऑप्शन को लेकर चर्चा का बाजार गर्म रहा था। वहीं, इस दौरान यूनियन अध्यक्ष रहे गुरमीत सिंह तोते के रिटायर होने पर रिक्त हुए कमेटी सदस्य के पद पर चुनाव कराने पर भी सहमति बनी। फाउंड्री डिवीजन में रिक्त हुए सीट पर चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए चुनाव संचालन समिति गठित हुई, जिसके प्रमुख सीताराम कंडई होंगे, वहीं बीके मिश्रा, दुर्गेश कुमार, गौरव कुमार व छोटन बनर्जी को सदस्य बनाया गया है।

मिठाई कारीगर के शव का हुआ पोस्टमार्टम, नालंदा ले गए परिजन

PHOTON NEWS DHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला थाना क्षेत्र में कॉलेज रोड स्थित रतन स्वीट्स के कारीगी कह मौत गुरुवार को हो गई थी। उसका पोस्टमार्टम शुक्रवार को एमजीएम मेडिकल कॉलेज में हुआ। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर बिहार के नालंदा के लिए रवाना हो गए। इस दौरान परिजनों ने कहा कि शव का अंतिम संस्कार करने के बाद जमशेदपुर लौटकर घाटशिला थाना में मामला दर्ज करने की गुहार लगाएंगे। अगर उनके आवेदन पर मामला दर्ज नही होता है, तो वे डीसी, एसपी, डीएलसी से लेकर डीजीपी तक जाएंगे। मृतक के भाई जितेंद्र चौधरी ने कहा कि भाई के साथ जो भी गलत हुआ है और उसमें जो भी लोग शामिल हैं, उन्हें किसी भी हाल में नहीं छोड़ेंगे। दूसरी ओर इस मामले को लेकर घाटशिला थाना प्रभारी सह आईपीएस प्रशिक्षु ऋषभ त्रिवेदी ने कहा कि मृतक के परिजनों की ओर से अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। शुक्रवार को मृतक के परिजनों को थाना बुलाया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे। पुलिस भी पोस्टमार्टन रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। रिपोर्ट में कुछ भी संदेहास्पद मिलता है, तो पुलिस निश्चित रुप से मामला दर्ज करेगी। दूसरी ओर लोगों का कहना है कि उस होटल में 16 से 17 मजदूर काम करते हैं। किसी भी मजदूर का बीमा नहीं कराया गया है।

अस्पताल में मृतक के परिजन ● फोटोन न्यूज

नाट्य कार्यशाला में युवा सीख रहे अभिनय की बारीकियां

JAMSHEDPUR : सांस्कृतिक कार्य निदेशालय (पर्यटन, कला, संस्कृति एवं युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार) तथा पथ पीपुल्स एसोसिएशन फॉर थियेटर के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिवसीय निशुल्क नाटक कार्यशाला का आयोजन बिष्टुपुर में सेंट मेरीज चर्च के पास एन रोड स्थित जीआरडी सिद्ध बिल्डिंग में किया जा रहा है। कार्यशाला के पांचवें दिन शुक्रवार को नाटक का मंचन एवं उसकी प्रक्रिया विषय पर विस्तृत सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को नाटक के विभिन्न चरणों जैसे- पठन-पाठन, पात्र चयन, रिहर्सल, मंच सज्जा, प्रकाश व्यवस्था, संवाद अदायगी तथा अंतिम प्रस्तुति की पूरी प्रक्रिया से परिचित कराया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर के वरिष्ठ रंगकर्मी शिवलाल सागर ने प्रतिभागियों को रंगमंच की सूक्ष्मताओं से अवगत कराया। उन्होंने मंच पर आत्मविश्वास, भाव-भंगिमा, दृश्यबोध एवं संवाद की प्रभावशाली प्रस्तुति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। दूसरे सत्र का नेतृत्व कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक मोहम्मद निजाम ने किया, जो रंगमंच के क्षेत्र में अपनी लंबी अनुभव यात्रा के लिए जाने जाते हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने नाट्य मंचन की बारीकियों को व्यावहारिक रूप में एक खेल खेलाया जिसका नाम था, चित्र बोलते हैं... जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और रंगकला के प्रति अपनी गहरी उत्सुकता दिखाई।

मंचन करते कलाकार

साहित्यकार उदय हयात की पुस्तक 'चौखट पे बाजार' का हुआ लोकार्पण

JAMSHEDPUR : साहित्यकार डॉ. उदय हयात का नया गजल संग्रह 'चौखट पे बाजार ' का शुक्रवार को गोलमुरी स्थित भोजपुरी भवन में लोकार्पण किया गया। अरविंद विद्रोही की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में अशोक शुभदर्शी ने उदय हयात को जमीनी गजलकार कहा। शैलेंद्र अस्थाना ने कहा कि गजल में व्यंग्य का शोर आक्रोश से उत्पन्न होता है, जो कवि अपने भीतर दबा के रखता है। दिव्येंदु त्रिपाठी ने उदय हयात की गजलों के नयापन और जनवादी तेवर की प्रशंसा की। अरविंद विद्रोही ने उदय हयात को भोजपुरी व हिंदी का एक नए तेवर का शायर कहा, जो वर्तमान की चुनौतियों से टकराता है। इस अवसर पर डॉ. संध्या सिन्हा,, वीणा भारती, माधवी उपाध्याय, प्रो हरेंद्र प्रताप सिंह, काशीनाथ प्रजापति, मामचंद अग्रवाल, बलविंदर सिंह, मनीष कुमार, कैलाश गाजीपुरी,अजय मेहताब, रमेश हंसमुख, अजय प्रजापति, राजदेव सिन्हा, सविता सिह मीरा, हरिहर राय चौहान आदि उपस्थित थे।

देश भर में फैले महादेव एप के काले कारोबार में राज्य के सट्टेबाज भी शामिल

ऑनलाइन सट्टेबाजी के जाल में फंसे मनोहरपुर के युवक

RAJESHWAR PANDEY @ CHAIBASA : देश भर में बदनाम हो चुके महादेव सट्टा एप के ऑनलाइन नेटवर्क को छत्तीसगढ़ पुलिस ने तगड़ा झटका दिया है। हाल ही में रायपुर पुलिस द्वारा की गई एक बड़ी कार्रवाई में 6 राज्यों से 14 सटोरिए गिरफ्तार किए गए, जिसमें झारखंड के मनोहरपुर (पश्चिमी सिंहभूम) के तीन युवक भी शामिल हैं।

यह कार्रवाई तब सामने आई जब छत्तीसगढ़ की एंटी क्राइम और साइबर यूनिट ने आईपीएल 2025 सीजन के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी के नेटवर्क पर नजर रखी। जांच के बाद पता चला कि कोलकाता और गुवाहाटी में बैठकर पूरे देश में ऑनलाइन सट्टा संचालित किया जा रहा था।

मनोहरपुर के 3 युवक गिरफ्तार : पश्चिमी सिंहभूम जिले के जिन तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है, उसमें मनोहरपुर बॉस मेडिकल के पास रहने वाले 21 साल के अंकुल मिश्रा, मनोहरपुर के देवी मंदिर गली में रहने वाले 23 साल के दीपांशु गुप्ता और मनोहरपुर रेलवे स्टेशन के सामने रहने वाला 19 साल का हरदीप सिंह शामिल है। मनोहरपुर जैसे इलाके से सट्टेबाजी के बड़े मामले में गिरफ्तार इन युवकों की गिरफ्तारी ने राज्य में हड़कंप मचा दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, ये सभी आरोपी महादेव एप के एल 95 लोटस, लोटस 651 और लोटस 656 जैसे पैनल चला रहे थे और इनके जरिए झारखंड समेत अन्य राज्यों से सट्टा खेलने वालों को जोड़ा गया था।

छत्तीसगढ़ पुलिस की गिरफ्त में सट्टेबाज ● फोटोन न्यूज

राज्य में युवाओं के लिए चेतावनी की घंटी

इस मामले में सबसे चिंता की बात यह है कि झारखंड के छोटे से कस्बे मनोहरपुर जैसे ग्रामीण इलाकों के युवा इस डिजिटल अपराध के जाल में फंस रहे हैं। गांवों और कस्बों में बेरोजगारी और तकनीक तक आसान पहुंच इस तरह के अपराध को बढ़ावा दे रही है। स्थानीय प्रशासन और साइबर सेल को अब राज्य के युवाओं को इस खतरे से बचाने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे। स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों में साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है।

देशव्यापी नेटवर्क का भंडाफोड़

छत्तीसगढ़ पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई में कुल 14 सटोरिए गिरफ्तार किए गए, जिनमें से तीन झारखंड से, दो मध्यप्रदेश, एक पंजाब, एक उत्तर प्रदेश, एक बिहार और छह छत्तीसगढ़ के हैं। छापेमारी में इनके पास से पुलिस ने 67 मोबाइल फोन, 8 लैपटॉप, 4 राउटर, 94 एटीएम कार्ड, 15 सिम कार्ड, 32 बैंक पासबुक, 3 चेकबुक, 3 रजिस्टर जिनमें सट्टे का हिसाब-किताब लिखा था. कुल मिलाकर 30 लाख रुपये का सामान पुलिस ने आरोपियों के पास से जब्त किया है।

पुलिस की सख्ती और अगला कदम

देवेन्द्र नगर थाना में आरोपी युवकों पर भारतीय तार अधिनियम 25सी समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। साथ ही 1500 से अधिक बैंक खातों को फ्रीज करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर यह छापेमारी कि कार्यवाही पूरी की गई। अब पुलिस की कोशिश है कि इस गिरोह के मुख्य सरगनाओं तक भी पहुंच बनाई जाए, ताकि महादेव एप का नेटवर्क जड़ से खत्म किया जा सके।

BRIEF NEWS

प्रणामी ट्रस्ट ने निराश्रितों को कराया भोजन

RANCHI : कृष्ण प्रणामी सेवा ट्रस्ट ने मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग में शुक्रवार को 37 दिव्यांग निराश्रितों को भोजन कराया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 26 मार्च से 18 अप्रैल तक 23 दिनों में 3760 निराश्रितों और उनकी देखभाल करने वाले सेवादार साथियों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया है। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम में-धीरेंद्र कुवंर, अनिल मुरारका, संजय कुमार,अनीता देवी,रागिनी सिंह, बालकिशन परशुरामपुरिया, अशोक अग्रवाल, धीरज कुमार सहित अन्य, के सौजन्य से प्रसाद का वितरण किया गया। सभी ने ट्रस्ट के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया और आशीर्वाद दिया।

फ्री में आइसक्रीम नहीं देने पर दुकानदार को चाकू मारने वाला अरेस्ट

RANCHI : फ्री में आइसक्रीम नहीं देने पर दुकानदार को चाकू मारकर घायल करने वाला आरोपी गिरफ्तार हुआ है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मो। एनूस को गिरफ्तार किया है। वह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के पहाड़ी टोला का रहने वाला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार की रात यह घटना सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में हुई थी। जहां ठेले पर आइसक्रीम बेचने वाले एक दिलखुश किर नाम के युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया था। युवक राजस्थान का रहने वाला है और रांची में आइसक्रीम बेचने का काम करता था।

श्री सर्वेश्वरी समूह ने शुरू की किशोर गंज व अशोक नगर में निःशुल्क प्याऊ सेवा

RANCHI : गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के लिए श्री सर्वेश्वरी समूह, रांची शाखा ने शुक्रवार को दो जगहों पर निःशुल्क प्याऊ सेवा की शुरूआत की। यह प्याऊ सेवा किशोर गंज चौक और अशोक नगर में शुरू की गयी है। इस सेवा के जरिये आम लोगों को स्वच्छ और ठंडा पानी मुफ्त में उपलब्ध कराया जायेगा। बता दें कि हर साल की तरह इस बार भी निःशुल्क प्याऊ सेवा पूरी गर्मी चलेगी। कार्यक्रम की शुरूआत पूजन और आरती के साथ की गयी।

मुख्यमंत्री का विदेश दौरा सिर्फ सैर सपाटे के लिए : प्रतुल शाहदेव

RANCHI : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह सिर्फ कैमरा एक्सपोजर और और सैर सपाटे की दृष्टि से किया जा रहा है। ये पूरा दौरा करदाताओं के पैसे का अनावश्यक निवेश है। वे वास्तविकता में पर्यटन के उद्देश्य से स्पेन और स्वीडन का दौरा कर रहे हैं। स्वीडन और स्पेन में वर्ष 2024 में 13 करोड़ पर्यटक घूमने आए थे। मुख्यमंत्री अपने दल के साथ इस संख्या में इस वर्ष इजाफा करने जा रहे हैं।

बिना लाइसेंस बैंक्वेट हॉल चलाने वाले हो जाएं अलर्ट, निगम का एक्शन शुरू

आवासीय भवन का कॉमर्शियल उपयोग करने पर देना होगा टैक्स

PHOTON NEWS RANCHI : रांची नगर निगम ने शहर में बिना लाइसेंस संचालित हो रहे लॉज, हॉस्टल, मैरिज हॉल और धर्मशालाओं के खिलाफ एक्शन मोड में है। नगर निगम अब सीधे फाइन लगाएगा। इसके बाद भी अगर लाइसेंस के लिए प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है, तो भवन को सील कर दिया जाएगा। बता दें कि रांची नगर निगम ने सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए नगर निगम से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया है। इसके बावजूद संचालक लाइसेंस लेने में इंटरेस्ट नहीं दिखा रहे हैं।

इसे देखते हुए निगम ने पहले ही आम सूचना जारी कर पांच अप्रैल 2025 तक आवेदन करने की अंतिम तिथि तय की थी। लेकिन, कुछेक संचालकों ने ही लाइसेंस के लिए आवेदन दिया है। इससे साफ है कि उन्हें नगर निगम के कार्रवाई का कोई डर नहीं है। हालांकि निगम भी इस बार संचालकों को किसी तरह की राहत देने के मूड में नहीं है। यहीं वजह है कि निगम द्वारा दी गई समयसीमा समाप्त हो जाने के बाद अब जांच अभियान तेज कर दिया गया है।

लाइसेंस के लिए प्रक्रिया शुरू नहीं करने पर भवन होगा सील

- भवन निर्माण की तिथि से वसूला जाएगा 100 प्रतिशत जुर्माना
- 5 अप्रैल तक संचालकों को लाइसेंस लेने का दिया गया था समय

भवन के आवासीय उपयोग पर भी टैक्स

इसके अलावा नगर निगम अब उन आवासीय भवन मालिकों पर भी शिकंजा कसने जा रहा है, जो अपने मकानों में किराएदार रखकर या दुकान खोलकर व्यावसायिक उपयोग कर रहे हैं। वे केवल आवासीय होल्डिंग टैक्स अदा कर रहे हैं। ऐसे मामलों में भी निगम जांच कर रहा है और यदि व्यावसायिक उपयोग पाया जाता है तो भवन निर्माण की तिथि से सौ प्रतिशत जुमार्ना वसूला जाएगा। नगर निगम ने सभी संबंधित प्रतिष्ठानों को चेतावनी दी है कि वे तुरंत लाइसेंस के लिए आवेदन करें अन्यथा न केवल भारी जुमार्ना लगेगा, बल्कि भवनों को सील भी किया जा सकता है।

नोटिस के बाद भी सुस्त है रवैया

इसी क्रम में एक दिन पहले रांची नगर निगम की बाजार शाखा की टीम ने हटिया में बिना लाइसेंस के चल रहे शगुन बैंक्वेट हॉल को सील कर दिया। अपर प्रशासक के कोर्ट में पारित आदेश के आलोक में की गई इस कार्रवाई में झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 की धारा 466 के तहत सीलबंदी की गई। बताया गया कि शगुन बैंक्वेट हॉल को पूर्व में दो बार नोटिस जारी किया गया था, जिसमें लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे। निर्धारित समय सीमा के भीतर न तो लाइसेंस लिया गया और न ही आवेदन के साथ सभी जरूरी दस्तावेज लगाए गए। अधूरी जानकारी और दस्तावेजों के अभाव में उनका आवेदन अस्वीकृत कर दिया गया। इसके बावजूद हॉल का संचालन जारी था, जो झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 एवं झारखंड शहरी क्षेत्र धर्मशाला/विवाह भवन/बैंक्वेट हॉल/लॉज एवं हॉस्टल निर्माण एवं अनुज्ञप्ति नियमावली 2013 का उल्लंघन है।

प्रभु यीशु के मूल्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर बढ़ें आगे : सीएम

RANCHI : सीएम हेमंत सोरेन ने गुड फ्राइडे पर अपना संदेश जारी किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि प्रेम, दया, त्याग, समर्पण और मानवता का संदेश देकर प्रभु यीशु ने अपने जीवन का बलिदान दिया था। गुड फ्राइडे का यह दिन हमें प्रेम, क्षमा और करुणा का संदेश देता है। आइए, इस पवित्र दिन हम प्रभु यीशु के मूल्यों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें।

वसूली को लेकर ऑटो चालक संघ ने ट्रैफिक एसपी से की शिकायत

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची के रातू रोड चौक में जाकिर हुसैन पार्क के पास ऑटो चालकों से अवैध वसूली का मामला सामने आया है। अवैध वसूली करने वाला कोई गुंडा-मवाली नहीं, बल्कि एक ट्रैफिक हवलदार है। जाकिर हुसैन पार्क के पास प्रतिदिन ऑटो चालकों से 50 रुपये की अवैध वसूली की जाती है। इस संबंध में रांची जिला ऑटो चालक यूनियन ने ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली को ज्ञापन सौंपा है। रांची जिला ऑटो चालक यूनियन ने जाकिर हुसैन पार्क के पास तैनात ट्रैफिक हवलदार मुखदेव राम पर ऑटो चालकों से अवैध वसूली का आरोप लगाया है। यूनियन के अनुसार प्रतिदिन वहां से गुजरने वाले ऑटो चालकों से 50 रुपए की अवैध वसूली की जाती है।

हेमंत सरकार में सहयोगी दलों के मंत्रियों को अपमानित करना बनी परंपरा : बाबूलाल मरांडी

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे को लेकर सवाल उठाया है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर शुक्रवार को कहा है कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, दिनदहाड़े हत्याएं हो रही हैं, बिजली संकट गहराया हुआ है। इन सबके बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी विधायक पत्नी सहित एक बड़े सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वीडन और स्पेन की यात्रा पर जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष व राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस यात्रा का उद्देश्य विदेशी निवेश लाना है, तो सबसे बड़ा सवाल है कि राज्य के उद्योग मंत्री को साथ क्यों नहीं ले जाया जा रहा है। उद्योग विभाग के सचिव और निदेशक तो इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल हैं, लेकिन उद्योग मंत्री का नाम सूची से नदारद है। क्या निवेश की बातचीत में मंत्री की कोई भूमिका नहीं। मरांडी ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं हो रहा। सुना है कि कोलकाता में हुई एक महत्वपूर्ण निवेश बैठक में भी उद्योग मंत्री को अपमानित कर अंतिम समय पर शामिल होने से रोक दिया गया था और उनके स्थान पर हेमंत सोरेन अपनी पत्नी को साथ ले गये थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से सवाल किया कि यह यात्रा सरकारी है, तो उद्योग मंत्री की जगह कल्पना सोरेन किस हैसियत से शामिल हो रहीं हैं। यदि यह निजी यात्रा है, तो फिर सरकारी खजाने से खर्च कर अधिकारियों की फौज क्यों भेजी जा रही है। उन्होंने कहा कि चौंकाने वाली बात यह भी है कि प्रतिनिधिमंडल में एक ऐसे सेवानिवृत्त आईएफएस अधिकारी को शामिल किया गया है, जिनकी ख्याति से पूरा प्रदेश परिचित है।

मुख्यमंत्री के विदेश दौरे पर भाजपा ने उठाया सवाल, कहा-निवेश लाना है, तो उद्योग मंत्री को क्यों साथ नहीं ले जा रहे

प्रमोशन के लिए राज्यकर्मियों को मिलेगा ऑनलाइन विजिलेंस क्लीयरेंस

PHOTON NEWS RANCHI : अब राज्यकर्मियों के पदोन्नति और पदस्थापन में आसानी होगी। इसके लिए राज्य सरकार ने विजलेंस क्लीयरेंस को ऑनलाइन करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। ऑनलाइन प्रक्रिया होने से राज्य कर्मियों को विजिलेंस क्लीयरेंस प्राप्त करने के लिए महीनों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। एचआरएमएस के तहत विजिलेंस क्लियरेंस इन्फॉर्मेशन सिस्टम (वीसीआइएस) डेवलप किया गया है। यह व्यवस्था ऑनलाइन होगी। इसके लिए किसी भी पदाधिकारी को एचआरएमएस पर लॉगिंग कर एक्सेस किया जाएगा।

फिर विजिलेंस क्लियरेंस सिस्टम में इंप्लॉय कॉर्नर, एबीसी, टेक्निकल इवैल्युएशन, कैबिनेट विजिलेंस और संबंधित डिपार्टमेंट अपना-अपना अनुमोदन करेगा।

पदाधिकारियों को अपने पदस्थापन संबंधी विवरणी को एचआरएमएस पर अद्यतन रखना होगा। विभाग भी अपने पदाधिकारियों और कर्मचारियों की विवरणी को इस प्रणाली के तहत अद्यतन कराएगा।

इस प्रणाली में किसी भी पदाधिकारी के विरुद्ध दर्ज मामलों के संबंध में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, तकनीकी मूल्यांकन कोषांग तथा मंत्रिमंडल निगरानी विभाग के द्वारा ऑनलाइन सूचना अंकित की जाएगी। एसीबी प्रत्येक माह की पांच तारीख को किसी पदाधिकारी के विरुद्ध दर्ज मामलों या निष्पादित मामलों के संबंध में जानकारी वीसीआईएस (विजिलेंस क्लियरेंस इन्फॉर्मेशन सिस्टम) पर अद्यतन करेगा।

मानसिक कुंठा के शिकार हो गए हैं विधायक सीपी सिंह : शहजादा अनवर

PHOTON NEWS RANCHI : विधायक सीपी सिंह की ओर से मुसलमानों को जिहादी कहने पर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने आलोचना की है। उन्होंने शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि सीपी सिंह ने जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाया है। उन्होंने कहा कि विधायक का बयान को शांति और सद्भाव में विश्वास रखने वालों के खिलाफ है। अनवर ने कहा कि भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि पार्टी इस बयान का समर्थन करते हैं या विरोध। उन्होंने कहा कि यदि विधायक के बयान का समर्थन नहीं करते हैं तो सीपी सिंह पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने पूछा कि भाजपा अपने नेता शाहनवाज हुसैन, मुख्तार अब्बास नकवी, जफर इस्लाम और राज्यपाल मोहम्मद आरिफ खान जैसे लोगों को भी क्या जिहादी समझती है, जिन मुस्लिम स्वतंत्रता सेनानीयों ने देश की आजादी के लिए कुर्बानियां दीं क्या वे सभी जिहादी थे। अनवर ने कहा कि जिस तरह महाराष्ट्र के विधायक के बयान देने पर विधानसभा अध्यक्ष ने कार्रवाई की और उन पर प्राथमिकी दर्ज की गई, उसी तरह इस मामले में भी सीपी सिंह पर कार्रवाई होनी चाहिए। ताकि समाज में दुर्भावना फैलाने की मंशा रखने वाले लोगों के बीच संदेश जाए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते कांग्रेस के नेता ● फोटोन न्यूज

सरकार की किसी भी सकारात्मक पहल से भाजपा नेताओं को ईर्ष्या : विनोद पांडेय

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि हेमंत सरकार की किसी भी सकारात्मक पहल के प्रति भाजपा नेताओं में ईर्ष्या और असुरक्षा सर्वव्यापी है। भाजपा की प्रतिक्रिया में कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है। एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री का विदेश दौरा भाजपा के नेताओं को भला कैसे पच सकता है, ये तो उनके डीएनए में ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड जल्द ही कई अन्य देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। हेमंत सोरेन का नेतृत्व क्षमता बेमिसाल है। उनके विराट व्यक्तित्व के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत होता जा रहा है। दूसरी ओर विपक्ष के नाम पर भाजपा नकारात्मक और निराशाजनक समूह बनता जा रहा है। भाजपा का एक ही काम है सांप्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने की साजिश रचना। चुनावों में जनता से नकारे जाने के बाद प्रदेश में भाजपा नेताओं के पास कोई काम नहीं है। इसलिए सरकार के सकारात्मक कार्य या पहल का परिणाम आने से पहले ही भाजपा के नेता अपने मुताबिक काल्पनिक परिणाम गढ़ कर राजनीति में जिंदा रहने की कोशिश कर रहे हैं।

मानव श्रृंखला बनाकर वक्फ कानून का किया गया विरोध

PHOTON NEWS RANCHI : केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ रांची में प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार को रांची के हुसीर में मुस्लिम समाज के लोग अंजुमन इस्लामिया हुसीर के नेतृत्व में वक्फ (संशोधन) एक्ट 2025 के विरोध में सड़क पर उतरे। कारगिल चौक से अंबेडकर चौक तक मानव श्रृंखला बनाकर वक्फ कानून में हुए संशोधन एक्ट का विरोध किया। मानव श्रृंखला में गढ़ हुसीर, हुसीर, होचर, कनादु समेत आसपास के गांवों से मुस्लिम समाज के सैंकड़ों लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा- वक्फ (संशोधन) कानून 2025 का हम विरोध करते हैं। मानव श्रृंखला में लोग अपने हाथों में तख्ती लेकर खड़े थे। इसमें लिखा था- वक्फ हमारा संवैधानिक अधिकार है, वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 रद करो, हमारा संवैधानिक अधिकार मत छीनो, वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 हमें मंजूर नहीं। इस मौके पर अंजुमन इस्लामिया हुसीर के अध्यक्ष मोहम्मद सुलेमान, उपाध्यक्ष शकील अंसारी, सचिव निसार, मोहम्मद नसीम, कोषाध्यक्ष सफीउल्लाह, मौलाना नैय्यर इकबाल, मेराज अंसारी, अधिवक्ता शाहिद जमाल, मुरसलीम अंसारी, अब्दुल कय्यूम, मुकीद, इकराम अंसारी, सलामत, अमानत अंसारी, खालिद, आदि सैकड़ो की संख्या में लोग थे।

दूसरी ओर सेंट्रल अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोकदोरो इस्लामपुर के बैनर तले बक्फ बोर्ड बिल के खिलाफ शांतिपूर्ण मानव श्रृंखला बनाकर हजारो की संख्या में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया गया। तख्ती लेकर पैदल बिरोध मार्च निकाला गया। मो.मजीद अंसारी के सदारत में विरोध प्रदर्शन किया गया। तबारक हुसैन सेक्रेट्री, नायब सेक्रेटरी परवेज आलम, नौजवान कमेटी के सदर अफरोज आलम, नायब सदर अजहर आलम, सेक्रेट्री मेराज अहमद, रिजवान अहमद, नायब सदर रुहूल अमीन डॉ. सहरोज आलम, सुल्तान आदिल, आफताब आलम, इजहार अंसारी, अशरफ इमाम छोटी मस्जिद, जनाब अफजल हुसैन के अलावा विरोध मार्च में सैकड़ो महिलाएं भी शामिल हुईं।

पारा थ्रो बॉल खिलाड़ियों ने केंद्रीय खेल मंत्री मांडविया से की मुलाकात

PHOTON NEWS RANCHI : रांची में पारा थ्रो बॉल के खिलाड़ियों ने केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने खिलाड़ियों से पारा खेलों की जानकारी ली और हाल ही में एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को शुभकामनाएं व बधाई दी। कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में पुरुष वर्ग से मुकेश कंचन, सनोज महतो, पवन लकड़ा, मुकेश कुमार, राजेश मेहता और महिला वर्ग से महिमा उरांव, अनीता तिर्की, पुष्पा मिंज, तारामणि लकड़ा, प्रतिमा तिर्की, असुंता टोप्पो के अलावा संजुक्ता एक्का शामिल थीं। केंद्रीय मंत्री ने सभी खिलाड़ियों की उपलब्धि की सराहना की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर समाजसेवी ललित ओझा और शशांक राज भी उपस्थित थे।

हिंदी साहित्य भारती के अध्यक्ष बने बलराम

RANCHI : हिंदी साहित्य भारती की रांची इकाई की बैठक शुक्रवार को रांची लालपुर स्थित, होटल सिटी पैलेस में हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष बलराम पाठक ने किया, जबकि प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन का विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अध्यक्ष के रूप में बलराम पाठक, उपाध्यक्ष- राजेश कुमार, संजय सर्राफ, सुनीता पाठक, संगठन महामंत्री- अजय राय और सुकुमार झा, संयुक्त महामंत्री- पूजा शेखर शुक्ला, निशांत पाठक, अभय कुमार पांडेय सहित अन्य का नाम शामिल है।

आज और कल आसमान में दिखेंगे हैरतअंगेज करतब

राजधानी में भारतीय वायु सेना के एयर शो को लेकर मुकम्मल हुई तैयारी

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के खोजा टोली आर्मी ग्राउंड नामकुम में 19 और 20 अप्रैल को होने वाले भारतीय वायु सेना के भव्य एयर शो को लेकर प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इस कार्यक्रम के बेहतर संचालन और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक कर ब्रीफिंग की। उन्होंने कहा कि एयर शो एक अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। इसमें देश के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एयर चीफ मार्शल सहित राज्य सरकार के वरीय अधिकारी, विधायकगण और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को सजग और सतर्क रहकर अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समय पर उपस्थित होकर सौंपे गए कार्यों को पूरी जिम्मेदारी के साथ संपन्न करें, ताकि यह आयोजन एक सफल और ऐतिहासिक कार्यक्रम के रूप में दर्ज हो।

- डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की दी जानकारी
- केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, एयर चीफ मार्शल सहित राज्य सरकार के अधिकारी बनेंगे गवाह

वायु सेना के एयर शो को लेकर बैठक करते उपायुक्त व अन्य ● फोटोन न्यूज

विधि-व्यवस्था को रखें दुरुस्त

बैठक में साफ तौर पर कहा गया कि कार्यक्रम स्थल पर विधि व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और यातायात की सुगमता सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतिथियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बिजली, पार्किंग, अग्निशमन, मेडिकल टीम, साइनेज, एम्बुलेंस और वाहनों के रूट मार्किंग की व्यवस्था समय से पूरी कर ली जाए।

कैंपस में तैनात रहेंगे दंडाधिकारी

कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती की जा रही है, जो कानून व्यवस्था संभालेंगे और कार्यक्रम को सुचारु रूप से संचालित करेंगे। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि आगंतुकों को कार्यक्रम स्थल पर खाद्य पदार्थ लाने की अनुमति नहीं होगी, जिससे पक्षियों के आकर्षित होने की संभावना को रोका जा सके और एयर शो में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

एंट्री का नहीं है कोई चार्ज

डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि कार्यक्रम में एंट्री निःशुल्क है और रांचीवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। उन्होंने बताया कि एयर शो का उद्देश्य युवाओं और बच्चों को भारतीय वायुसेना के प्रति जागरूक और प्रेरित करना है। साथ ही जिला के सभी स्कूलों और सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस की छात्राओं को आमंत्रित किया गया है। पीवीटीजी परिवारों को भी शो देखने का विशेष निमंत्रण दिया गया है।

त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

सुरक्षा के दृष्टिकोण से कार्यक्रम स्थल पर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। डीआईजी-सह-वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को लेकर पूरी योजना तैयार है। दर्शकों से अनुरोध किया गया है कि वे कार्यक्रम स्थल पर कोई खाद्य पदार्थ लेकर न आएं और सुबह 8:30 बजे तक अपनी जगह ले लें।

एमटीआईएस कंप्यूटर सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण संस्थान का हुआ उद्घाटन

PHOTON NEWS RANCHI : मार्क्स ट्रेनिंग एंड आईटी सर्विसेज (एमटीआईएस) कंप्यूटर सॉफ्टवेयर संस्थान का उद्घाटन कांके, बोड़या, मोरहाबादी रोड में फीता काटकर रांची विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ. प्रीतम कुमार ने किया। बोड़या पोटपोटो नदी पुल समीप एसएमएम परिसर में स्थापित किए गए इस मान्यता प्राप्त संस्थान का मुख्यालय नवी मुंबई में है। उद्घाटन पश्चात संस्थान की निदेशक डॉ. चित्रा रेखा सिन्हा ने बताया कि इस संस्थान में नामांकन लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सभी कोर्सों पर 50 प्रतिशत की राहत दी जाएगी। ट्यूशन फीस भी बहुत कम रखी गई है। संस्थान में कंप्यूटर सॉफ्टवेयर प्रशिक्षण से संबंधित सभी कोर्स कराए जाएंगी। साथ ही प्रोजेक्ट गाइडेंस, आईटी कंसलटेंट व कॉर्पोरेट प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। कोर्स करने के पश्चात प्लेसमेंट के लिए भी मदद की जाएगी। संस्थान में 10 वर्ष से ऊपर के बच्चे भी अपना नामांकन कर सकते हैं। मौके पर गोविंद नारायण तिवारी, आचार्य अजय मिश्रा, डॉ. एमपी सिंह, वीरेंद्र नारायण तिवारी, अभय नारायण तिवारी, मनोहर नारायण तिवारी, संजय गांधी कॉलेज पंडरा के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार, डॉ. बीना दुबे, डॉ. राज श्रीवास्तव, डॉ. बोनिता दिवाकर, डॉ. पंपा सेन, डॉ. पायल कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

समाचार सार

सीए सिद्धार्थ बने आईसीएआई के केंद्रीय समिति सदस्य

JAMSHEDPUR : द इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स आफ इंडिया (आईसीएआई), नई दिल्ली में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें आइसीएआई की केंद्रीय समिति में सीए फर्मों के एकत्रीकरण समिति में वर्ष 2025-26 के लिए सदस्य बनाया गया है। एकत्रीकरण समिति (सीएसीएएफ) का उद्देश्य ऐसे परिवर्तनकारी सुधारों को आगे बढ़ाना है जो भारतीय सीए फर्मों को वैश्विक पेशेवर उत्कृष्टता के शिखर पर स्थापित करेंगे।

सांसद-विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

SONUA : सांसद जोबा मांझी और विधायक जगत माझी ने शुक्रवार को सोनुवा में ग्रामीण सड़क का शिलान्यास किया। यह सड़क मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सोनुवा कुइड़ा पथ से रेंगालबेड़ा तक 02.55 किमी पथ का निर्माण लगभग पौने चार करोड़ रुपये की लागत से होगा। शिलान्यास के बाद रेंगालबेड़ा गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि पूरा गांव टापू के समान है। ग्रामीणों की जरूरत को देखते हुए सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। ग्रामीणों ने सांसद और विधायक का स्वागत ढोल-नगाड़ों और नृत्य से किया। इस मौके पर पूर्व मुखिया फूलचंद जामुदा, अमित अंगरिया, आरईओ के कनीय अभियंता पप्पू कुमार, उदय सिंह पूर्ति, राहुल पूर्ति, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सागर महतो, संजय जामुदा, प्रेम पूर्ति, किशोर दास, विजय जोंको, दीपक माझी, सारंगधर महतो आदि भी उपस्थित थे।

पूर्व विधायक मुकुंद राम तांती को दी श्रद्धांजलि

JAGANNATHPUR : पान-तांती समाज की ओर से जगन्नाथपुर में बहरागोड़ा के प्रथम विधायक रहे मुकुंद राम तांती की 20वीं पुण्यतिथि मनाई गई। समाज के लोगों ने स्व. तांती की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। पान तांती संघ के प्रखंड अध्यक्ष शरण पान की अगुआई में हुए कार्यक्रम में अभिमन्यु पान, शेखर दास, रोशन पान, शशि दास, राजकिशोर पान, अर्जुन दास, उमाकांत दास आदि भी थे। एकीकृत सिंहभूम जिला के जगन्नाथपुर के पोखरिया गांव में जन्मे मुकुंद राम तांती स्वतंत्रता सेनानी व सामाजिक कार्यकर्ता भी थे। बिहार विस के लिए 1952 में हुए प्रथम चुनाव में वे बहरागोड़ा से विधायक बने थे। उनका निधन 18 अप्रैल 2005 को 103 वर्ष की आयु में हुआ था।

घाटशिला में चला सघन वाहन जांच अभियान

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले की घाटशिला थाना पुलिस ने शुक्रवार को घाटशिला कॉलेज रोड स्थित जेसी स्कूल के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इससे वाहन चालकों के बीच हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों में हेलमेट, सीट बेल्ट और वाहन के जरूरी कागजातों की जांच पर जोर दिया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों को फटकार लगाई गई और ऑनलाइन चालान भी काटा गया। जांच के दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारी को भी नहीं छोड़ा। लाइनमैन सहदेव थापा ने बताया कि सब-स्टेशन के पास ब्रेकडाउन हुआ है, तत्काल जाना है। इस दौरान लगभग 2 घंटे से पूरे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित थी। लोगों ने बताया कि पुलिस का सुरक्षा पर ध्यान कम है, परेशान कर सरकार का रेवेन्यू बढ़ाने पर विशेष ध्यान है। 5 दिन बीत जाने के बाद भी करोड़ों रुपए लेकर फरार कंपनी के विरुद्ध प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हुई। रतन स्वीट्स के कारीगर की मौत मामले में भी अब तक पुलिस द्वारा जांच की दिशा में कारगर कदम नहीं उठाया गया है। वाहन जांच के मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस सह घाटशिला थाना प्रभारी ऋषभ त्रिवेदी समेत काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवान मौजूद थे।

कपाली क्षेत्र में हुई हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

पुलिस ने 24 घंटे में मामले का कर दिया खुलासा

PHOTON NEWS SERAIKELA : पुलिस ने चांडिल थाना अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र में हुई हत्या मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चांडिल अनुमंडल कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शुक्रवार को एसडीपीओ अरविंद कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना 15 अप्रैल की रात करीब 2:30 बजे की है। मोहम्मद हुसैन नामक व्यक्ति की हत्या ताजनगर स्थित तस्लीमा नेता के घर के पीछे की बाउंड्री के पास की गई।

सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वहां से खून से सना पत्थर और ईंट बरामद किया गया। मृतक की पत्नी अरीबा परवीन के बयान पर कपाली ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें मोहम्मद सहबान, साजन और अफाक को नामजद आरोपित बनाया गया था। मामले की त्वरित जांच करते हुए पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर तीन अन्य अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में मो. सलाउद्दीन, मो. अब्दुल अंसारी उर्फ सोनू और मो. कलीम शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर, ईंट और मृतक का टूटा हुआ एंड्रॉयड फोन बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त सलाउद्दीन और सोनू से अन्य दो एंड्रॉयड फोन और कलीम से एक फोन जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, सलाउद्दीन पूर्व में भी दो मामलों में आरोपी रह चुका है, जिनमें से एक में उस पर हत्या की कोशिश और दूसरे में हत्या का आरोप है।

पुलिस अब अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत है और मामले में आगे की जांच जारी है।

पत्रकारों को मामले की जानकारी देते पुलिस पदाधिकारी ● फोटोन न्यूज

साकची स्थित कार्यालय में बैठक करते भाकपा कार्यकर्ता ● फोटोन न्यूज

हिंदू मतों के लिए लाया गया वक्फ संशोधन बिल : सीपीआई

JAMSHEDPUR : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी की बैठक शुक्रवार को साकची कार्यालय में हुई। इस दौरान वक्फ बोर्ड पर केंद्र सरकार द्वारा जारी नियम पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता शशि कुमार ने की। संशोधित नियम पर चर्चा करते हुए सचिव मंडल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पारित किया गया संशोधन सिर्फ हिंदू वोटों के ध्रुवीकरण को ध्यान में रखकर लाया गया है। किसी भी संप्रदाय को खुद को उस संप्रदाय का होने के लिए प्रमाणित करने, वक्फ बोर्ड में हिंदू सदस्य को रखने,और वक्फ बोर्ड के जमीन का प्रमाण मांगने का प्रावधान, संप्रदाय विशेष को परेशान करने का प्रयास है। सचिव मंडल ने इस बात पर अपनी सहमति जताई की वक्फ बोर्ड की कार्यशैली में पारदर्शिता लाने, वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का आम जनता के भलाई के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। इसके साथ ही सचिव मंडल ने दोहराया कि देश के अंदर जो भी चीजें हों, वह संविधान के दायरे में होनी चाहिए, न कि बहुमत के नाम पर कुछ भी किया जाए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे किसी भी निर्णय का विरोध करती है। इस चर्चा में जिला सचिव अंबुज कुमार ठाकुर, ओम प्रकाश सिंह, धनंजय शुक्ला, हीरा अरकने, हुसैन अंसारी, विक्रम कुमार, प्रिंस सिंह व मुकेश रजक भी शामिल थे।

पारा शिक्षक की पत्थर से कूच कर हत्या, जांच जारी

BANDGAON : पश्चिमी सिंहभूम जिला के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र टेबो थाना के पिंगु गांव निवासी 57 वर्षीय सनिका टोपनो की अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कूच कर हत्या कर दी है। पुलिस ने शव बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार, सनिका टोपनो बुधवार की सुबह 6 बजे पैदल पिंगु स्थित अपने घर से लोवाहातु विद्यालय निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, मगर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद गुरुवार की सुबह परिजनों ने टेबो थाना में गुमशुदा होने का मामला दर्ज कराया। पुलिस व ग्रामीणों ने काफी खोजबीन करते हुए गुरुवार को हरसिंग कोचा के जंगल में शव बरामद किया। शव के सिर पर पत्थर से कुचले जाने के निशान मिले हैं। पुलिस ने शव को जब्त कर टेबो थाना लाया, जहां शाम हो जाने के कारण शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को कराया गया। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री हैं। परिजनों के मुताबिक मृतक की किसी से दुश्मनी नहीं थी। इस घटना से पिंगु के ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों के मुताबिक सनिका टोपनो एक अच्छे व्यक्ति थे।

मृतक की फाइल फोटो

मोहित शाह पर वाट्सएप ग्रुप में भद्दी टिप्पणी के लिए एफआईआर

JAMSHEDPUR : प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन 2025-27 नामक वाट्सएप ग्रुप में, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से 500 से अधिक मारवाड़ी समाज के लोग जुड़े हैं, इस ग्रुप में शहर के व्यवसायी उमेश शाह के पुत्र मोहित शाह ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के आजीवन सदस्य धर्म चंद्र पोद्दार के खिलाफ भद्दी टिप्पणी की है। इस पर पोद्दार ने मोहित के खिलाफ मानगो थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पोद्दार ने बताया कि इस ग्रुप में मोहित शाह ने उनके परिवार के विषय में आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इसके बाद जब धर्मचंद्र पोद्दार ने मोहित शाह को ग्रुप से हटाया, तो मोहित शाह ने धर्मचंद्र पोद्दार के व्यक्तिगत वाट्सएप पर आपत्तिजनक मैसेज भेजे और वाट्सएप कॉल करके धमकी दी। पोद्दार ने बताया कि उन्हें आशंका है कि मोहित शाह आगे चलकर मुझे और मेरे परिवार को किसी प्रकार की क्षति भी पहुंचा सकता है।

कंपनी के समक्ष आने वाली चुनौती से निपटने में वर्कर्स यूनियन की भूमिका अहम : एमडी

टाटा स्टील ग्रुप कंपनियों के यूनियन नेताओं के लिए हुई एक दिवसीय कार्यशाला

PHOTON NEWS JSR : टीआरएफ वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय की पहल पर कंपनी के जेआरडी टाटा ट्रेनिंग सेंटर में शुक्रवार को टाटा समूह के यूनियन नेताओं के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वाइस प्रेसिडेंट (एचआरएम) अन्नेई सान्याल एवं विशिष्ट अतिथि टीआरएफ कंपनी के प्रबंध निदेशक उमेश कुमार सिंह थे। इस मौके पर टीआरएफ के प्रबंध निदेशक ने कहा कि यूनियन लीडर्स को कंपनी एवं बाजार की वस्तुस्थिति से अवगत रहना एवं वर्तमान व भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए उनसे निपटने की दिशा में एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। ग्रुप एचआर हेड जुबिन पालिया ने कहा कि कंपनी के उन्नति के लिए यूनियन का मजबूत एवं सशक्त होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे ट्रेनिंग कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए। टाटा स्टील के वीपी (एचआरएम) अन्नेयी सान्याल ने ऑनलाइन संबोधित किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते जुबिन पालिया ने स्टील सेक्टर की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने ने बताया कि टाटा स्टील वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने में यूनियन लीडर्स की भी अहम भूमिका रहेगी। इस दौरान पूर्व चीफ एचआरएम ग्रुप-आईआर पीएन प्रसाद ने एक विश्वसनीय भागीदार के रूप अपने हितधारकों का प्रबंधन विषय पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते टीआरएफ के एमडी उमेश कुमार सिंह

अनंतेश्वर धाम बनेगा प्रसिद्ध पर्यटन स्थल, विधायक ने किया निरीक्षण

PHOTON NEWS BAHRAGORA : पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा प्रखंड के इचड़ाशोल गांव में ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थल अनंतेश्वर धाम है, जो डुंगरीबाबा मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इसे पर्यटन स्थल बनाने की पहल शुरू की गई है। इसे लेकर शुक्रवार को विधायक समीर कुमार महंती ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस धाम की स्थापना में विनायक बेरा का विशेष योगदान है। इस पवित्र स्थल की स्थापना बाबा बलिया जी महाराज की प्रेरणा से हुई थी। बाबा बलिया जी की राय में यह धाम न केवल धार्मिक महत्व का है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। इस स्थल के पुनरुद्धार का कार्य एक जनआंदोलन के रूप में शुरू हुआ। वर्तमान में यह स्थल बाबा बलिया सेवा दान एवं शिशु सदन अनंतेश्वर पूजा समिति द्वारा संचालित किया जाता है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि सरकार से विशेष आग्रह करेंगे कि इसे एक धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। इससे न केवल सांस्कृतिक संरक्षण होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। इस मौके पर झामुमो के असित मिश्रा, रासबिहारी साव, मदन मन्ना, निर्मल जेना, खितीश मुंडा आदि सहित मंदिर समिति के अध्यक्ष बंकिम जाना भी उपस्थित थे।

स्थल निरीक्षण करते विधायक समीर महंती ● फोटोन न्यूज

मनोहरपुर में दंतैल हाथी ने घर को किया ध्वस्त

MANOHARPUR : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर प्रखंड के सारंडा वन क्षेत्र के गिंडुग अंतर्गत बांधटोली में दंतैल हाथी ने एक घर को ध्वस्त कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग के अभिषेक प्रधान ने हाथी द्वारा ध्वस्त किए गए घर का मुआयना किया और मुआवजा का फॉर्म भरवाया। घर की मालकिन मीना देवी ने बताया की शुक्रवार को रात लगभग 2 बजे एक दंतैल हाथी ने रसोईघर को दांत से मारकर ध्वस्त कर दिया। हाथी ने रसोईघर में रखे घरेलू बर्तन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। मीना देवी ने बताया कि इस दौरान वे लोग दूसरे घर में दुबके हुए थे। शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम पहुंची।

चार माह भी नहीं चली सबर टोला की सोलर जलमीनार

GHATSILA : गर्मी के शुरू होते ही घाटशिला प्रखंड के लगभग सभी पंचायत में पेयजल संकट गहराने लगा है। इसका मुख्य कारण पंचायत एवं गांव में लगे अधिकतर चापाकल व जलमीनार खराब हैं। गर्मी शुरू होने से पहले ही जिला स्तर पर चापाकल व जलमीनार बनाने के लिए हाय-तौबा मचने लगती है, लेकिन गर्मी बीत जाने के बाद भी यह नही बन पाता है। ऐसा ही एक मामला कालचित्ती पंचायत के छतरडांगा सबर टोला में देखने को मिल रहा है। इस टोला में 15वें वित्त आयोग की राशि से वर्ष 2021 में लगभग चार लाख रुपये की लागत से सोलर जलमीनार बनाया गया था। सबर टोला में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं थी। यह निर्माण पंचायत की तत्कालीन मुखिया सोमवारी सोरेन द्वारा लाभुक समिति के माध्यम से कराया गया था। लेकिन, जलमीनार बनने के बाद चार महीने भी नहीं चला। उसका मोटर खराब हो गया। इसके कई माह बाद फिर मुखिया द्वारा विभागीय मिस्त्री बुलाकर मोटर बनाया गया, लेकिन वह भी कुछ माह में खराब हो गया। वह अभी तक खराब है।

खराब पड़ी सोलर जलमीनार

गिरजाघरों में मसीहियों ने गुड फ्राइडे पर की विशेष प्रार्थना

घाटशिला के चर्च में प्रार्थना करते मसीही ● फोटोन न्यूज

GHATSILA : पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड के विभिन्न चर्च में मसीहियों ने गुड फ्राइडे मनाया। ईसाई समुदाय को लोगों का मानना है कि यीशु की मृत्यु ने मानवता को पापों से मुक्ति दिलाई और उनकी मृत्यु के बाद तीसरे दिन (ईस्टर संडे) वे जी उठे थे। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं हुईं। कई लोगों ने उपवास रखे और पश्चाताप किया। यह उनके प्रेम, त्याग और क्षमा का प्रतीक है। गुड शब्द यहां पवित्रता और ईश्वरीय उद्देश्य को दशार्ता है, न कि खुशी को, क्योंकि यह दिन दुख और शोक का है। इस दिन यीशु के क्रूस पर चढ़ने की घटनाओं को स्मरण किया जाता है। चर्चों में भजन, प्रभु भोज और बाइबल पाठ किया गया। माहौल पूरी तरह से शांत और गंभीर था। इस दिन आत्मचिंतन, पापों के लिए क्षमा मांगने और ईश्वर के प्रति समर्पण का है। कई लोग काले कपड़े पहनकर शोक व्यक्त करते दिखे। गुड फ्राइडे की तारीख हर साल बदलती है, क्योंकि यह मून कैलेंडर पर आधारित होती है। यह आमतौर पर मार्च या अप्रैल में ही पड़ता है।

गुड फ्राइडे पर मसीहियों ने निकाली क्रूस के 14 पड़ावों की झांकी

CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिले में शुक्रवार को गुड फ्राइडे को लेकर सभी चर्च और गिरजाघर में विशेष प्रार्थना सभा की गई। चाईबासा के एसपीजी मिशन स्कूल परिसर, जेवियर चर्च,जीएल चर्च सहित जगन्नाथपुर और चक्रधरपुरअनुमंडल में शुक्रवार को गुड फ्राइडे के अवसर पर प्रभु यीशु के क्रूस मरण एवं पवित्र क्रूस की उपासना की गई। चक्रधरपुर के पोटका स्थित रोमन कैथोलिक चर्च में इसकी झांकी यूथ ग्रुप द्वारा गिरजाघर परिसर में निकाली गई। इसके अलावा समुदाय के लोगों ने प्रभु यीशु के क्रूस के रास्ते का मंचन किया। इस दौरान पहले स्थान से लेकर 14वें स्थान तक मतलब प्राण दंड के लिए प्रभु यीशु को कंधे पर क्रूस लादने से लेकर सूली में चढ़ने तक की प्रस्तुति दिखाई गई। इसमें सिरीनी सिमोन को प्रभु यीशु मसीह के रूप में क्रूस ढोते दिखाए गए।

आठ बार लगा चुकी है डीसी ऑफिस के चक्कर, हर बार कहा जाता- इस महीने आ जाएगी रकम

पेंशन के लिए छह महीने से भटक रही दिव्यांग महिला

MUJTABA RIZVI @ JSR : जमशेदपुर में डीसी कार्यालय के सामाजिक सुरक्षा विभाग के कार्यालय मे मौजूद लोग अचानक दया भाव से गेट की तरफ देखते हैं। एक दिव्यांग महिला जमीन पर घिसटती हुई कार्यालय में दाखिल होती है। महिला कार्यालय में सीधे एक क्लर्क के पास जाती है। क्लर्क को अपना पासबुक और आधार कार्ड दिखाती है और बताती है कि उसे छह महीने से दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है। यह महिला विधवा भी है। क्लर्क जवाब देता है कि इस महीने उसे पिछले सभी महीनों का भुगतान कर दिया जाएगा। परेशान मत होइए। घर जाइए। इस पर वहां मौजूद लोग महिला से कहते हैं, जाइए इस महीने आपका काम हो जाएगा।

डीसी ऑफिस पहुंची महिला ● फोटोन न्यूज

साकची टेंपो स्टैंड से ऐसे ही जाती है डीसी ऑफिस

लक्ष्मी ने बताया कि वह अपने घर से धतकीडीह मेन रोड तक घिसट कर ही जाती है। इसके बाद वह साकची टेंपो स्टैंड पर उतरती है। यहां से घिसटते हुए ही डीसी दफ्तर तक जाती है। लक्ष्मी ने किसी के कहने पर लालच में दिव्यांग पेंशन के साथ ही विधवा पेंशन का भी आवेदन कर दिया था। यहां क्लर्क ने लक्ष्मी को बताया कि उसे एक ही योजना का पैसा मिलेगा। विधवा पेंशन नहीं मिलेगी। क्योंकि, पहले से ही दिव्यांग पेंशन मिल रही है।

इस पर महिला अपनी व्यथा सुनाने लगती है। महिला बताती है कि इस बार नहीं हर बार बाबू यही कहते हैं कि उसे इस महीने पेंशन मिल जाएगी। रकम उसके बैंक खाते में आ जाएगी। मगर, छह महीने से आज तक एक पाई उसके खाते में नहीं आया। इस महिला का नाम लक्ष्मी है। उसकी दो बेटियां थीं। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। अब महिला तन्हा धतकीडीह स्थित घर में रहती है। महिला के दोनों पैर बेकार हैं। कई साल से उसकी यही हालत है। वह काम नहीं कर सकती। इसलिए, उसके घर में खाने के लाले हैं। कई दिनों से चूल्हा नहीं जला। लक्ष्मी लोगों से मदद की आस में जिंदगी काट रही है। लक्ष्मी बताती है कि पेंशन से काफी फायदा हो जाता है। पेंशन आने पर कम से कम उसका पेट भर जाता है। मगर, यह आस भी अब उससे छिनती नजर आ रही है।

दो साल से नहीं आ रही पेंशन

करनडीह की रहने वाली पूनम कर्मकार भी दो साल से डीसी ऑफिस का चक्कर काट रही हैं। उन्होंने दो साल पहले ही विधवा पेंशन के लिए आवेदन दिया था। अब तक नहीं पता चल पा रहा है कि उनका आवेदन मंजूर हुआ या नहीं। उनके आवेदन का क्या होगा। पूनम कर्मकार बताती हैं कि जब भी वह आती हैं क्लर्क यही बताता है कि देख रहे हैं। अब तक कोई सही बात नहीं बता रहा है। इस बार वह गुरुवार को सामाजिक सुरक्षा विभाग के कार्यालय आईं तो यही बताया गया कि अभी पता नहीं चल पा रहा है। बाद में आइए।

महिलाएं परेशान

पेंशन मामले में सामाजिक सुरक्षा कोषांग की लापरवाही सामने आ रही है। इस संबंध में जब सामाजिक सुरक्षा कोषांग की निदेशक नेहा संजना खलखो से संपर्क करने की कोशिश की गई तो वह गुरुवार को अपने कार्यालय में नहीं मिलीं। फोन पर भी उनसे बात नहीं हो सकी।

प्याज एवं लहसुन फसल में कीटों से सुरक्षा

आस्था शर्मा, पिंकी शर्मा, डॉ. दीपक गुप्ता

श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि महाविधालय, जोबनेर-जयपुर (राज.)

प्याज एवं लहसुन भारत में उगाई जाने वाली महत्वपूर्ण फसलें है। इनकों सलाद के रूप में, सब्जी में, आचार या चटनी बनाते समय प्रयोग में लाते हैं। प्याज एवं लहसुन की खेती रबी मौसम में की जाती है लेकिन इनको खरीफ(वर्षा ऋतु) में भी उगाया जाता है। प्याज एवं लहसुन की फसल में विभिन प्रकार के रोग एवं कीट लगते हैं जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। अच्छी गुणवत्ता वाली उच्च विपणन योग्य कन्द उपज पाने के लिए उचित तरीकों से कीट और रोग प्रबंधन करना बहुत आवष्यर्क है। इसके अलावा, निम्नलिखित बातें ध्यान में रखनी चाहिए।

1 कीटनाशक का छिड़काव रोपाई से 30 दिनों बाद या जैसे ही कीट रोग प्रकट हो, आरंभ कर देना चाहिए।

2 कीट की तीव्रता के आधार पर 10-15 दिनों के अंतराल पर छिड़काव किया जाना चाहिए।

3 हमेशा छिड़काव करते समय चिपकने वाले पदार्थ (स्टीकर) ड़ाले।

4 एक ही वर्ग के कीटनाशकों का बार बार इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

प्याज व लहसुन के प्रमुख कीट

चूसक कीट (थ्रिप्स टेबेसाई)

ये प्याज का प्रमुख रुप से हानि पहुंचाने वाला कीट है। इनका आक्रमण तापमान में वृद्धि के साथ तीव्रता से बढ़ता है और मार्च में अधिक स्पष्ट दिखाई देता है। इनका रंग हल्का पीले से भूरे रंग का तथा छोटे-छोटे गहरे चकत्ते युक्त होता है। इस कीट के निम्फएवं प्रौढ़ दोनों ही अवस्थायें मुलायम पत्तियों का रस चूस कर उन्हें क्षति पहुँचाती है। इस कीट से प्रभावित पत्तियों में जगह जगह पर सफेद धब्बे दिखाई देते हैं। अधिक प्रकोप होने पर पत्तियां सिकुड़ जाती है और पौधों की बढ़वार रुक जाती है तथा प्रभावित पौधों के कंद छोटे रह जाते हैं जिससे उपज मे कमी हो जाती है।

रोकथाम:

1. सर्वप्रथम रोपाई के पूर्व पौधों की जड़ों को दो घंटे तक कार्बोसल्फान एक मिली प्रति लीटर पानी के घोल से उपचारित करना चाहिए।
2. इन कीटों का संक्रमण दिखाई देने पर नीम द्वारा निर्मित कीटनाशी (जैसे ईकोनीम, निरिन या ग्रेनीम) 3-5 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से आवश्यकतानुसार घोल तैयार कर शाम के समय फसल पर 10-12 दिनों के अंतराल पर 2-3 छिड़काव करें
3. डाईमेथोऐट 30 ई.सी. 650 मि.ली. प्रति 600 ली. पानी के साथ या मेटासिस्टॉक्स 25 ई.सी. 1 ली. प्रति 600 ली. पानी के साथ या इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. 30 ई. सी. 5 मि.ली. प्रति 15 ली. पानी के साथ छिड़काव करें। कीटनाशक के सही प्रभाव हेतु चिपकने वाले पदार्थ (स्टिकर) जैसे सेन्डोविट या टीपॉल (2.5 ग्राम प्रति लिटर) का प्रयोग करना चाहिए।

प्याज की मक्खी: मैगट (हाईलिमिया ऐंटीकुआ)

यह मक्खी प्याज की फसल का प्रमुख हानिकारक कीट है जो अपने मैगट पौधों के भूमि के पास वाले भाग, आधारीय तने में दिए जाते हैं। मैगटों की संख्या 2-4 तक हो सकती है। इनसे भूमि के पास वाले तने का भाग सड़कर नष्ट हो जाने से पूरा पौधा सूख जाता है। कभी-कभी इस कीट द्वारा फसल को भारी मात्रा मे क्षति होती है

रोकथाम:

1. फसल की रोपाई पूर्व, खेत की तैयारी करते समय नीम की खली/खाद 3-4 क्विं. प्रति एकड़ की दर से जुताई कर भूमि मे मिलाएं।
2. खेत की तैयारी करते समय कीटनाशी क्लोरोपाइरिफॉस 5 प्रतिशत की दर से जुताई करते समय भूमि मे मिलाएं तत्पश्चात फसल की रोपाई करें।
3. खड़ी फसल मे इस कीट (मैगट) का संक्रमण दिखाई देने पर कीटनाशी क्यूनालफॉस 2 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से आवश्यकतानुसार मात्रा में घोल तैयार कर शाम के समय 2-3 छिड़काव करें।

कटवा

इस कीट की सूंडियाँ या इल्ली जो कि 30-35 मिली मीटर लंबी एवं राख के रंग की होती है, पौधों की जमीन के अंदर वाले भाग को कुतर कर नुकसान पहुंचाती हैं। इससे पौधे पीले पड़ने लगते हैं एवं आसानी से उखड़ जाते हैं।

रोकथाम:

1. फसल चक्र अपनाना चाहिए।
2. आलू के बाद प्याज की फसल नहीं लगाना चाहिए।
3. रोपाई के पूर्व थीमेट 10 जी 4 कि.ग्रा. एकड़ की दर से खेत में मिलाना चाहिए।

शीर्ष छेदक (हेलिओथिस आर्मिजेरा)

इस कीट का लार्वा पत्तियों को काटकर फसल को हानि पहुँचाता है। यह कीट प्याज की बीज वाली फसल में ज्यादा क्षति पहुँचाता है।

रोकथाम:

इनके नियंत्रण हेतु मिथाइल डेमेटोन या साइपरमेथ्रिन 0.5-1.0 मि.ली. दवा प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। घोल में 0.1 प्रतिषत ट्राइट्रोन या सैन्डोविट नामक चिपचिपा पदार्थ अवश्य मिलायें।

जैविक पशुपालन, स्वास्थ्यवर्धक एवं ज्यादा मुनाफे की तकनीक

जैविक पशुपालन से तात्पर्य है कि पशुओ को खिलाये जाने वाला चारा व दाना पुर्ण रूप से जैविक हो तथा पशुओ से प्राप्त उत्पाद संश्लेषित रासायनिक पदार्थ व खादों से पूर्णतरू मुक्त होना चाहिए द्य

जैविक पशुपालन के फायदे, मनुष्य व अन्य प्राणियों को जैविक उत्पादों का उपयोग कर घातक बिमारियों से बचाया जा सकता हैद्य स्थायी कृषि व पशुपालन को बढावा मिलता है द्य यह स्वास्थ्यवर्धक है द्य कम लागत से अधिक मात्रा व गुणवता वाले उत्पाद प्राप्त होना द्य मृदा का स्थायी स्वास्थ्यवर्धन करता है द्य जैविक खाद्य पदार्थो का बाजार मूल्यए सामान्य खाद्य पदार्थो से कई गुना अधिक है जिससे पशुपालक को ज्यादा मुनाफा मिलेगा।

जैविक पशुपालन के लिये क्या करे रू. जैविक पशुधन फार्म का प्रमाणीकरण अधिकृत जैविक प्रमाणीकृत एजेंसी से ही करवाए द्य पशुओ को पूर्णतरू जैविक चारा व दाना खिलाये तथा चारा उत्पादन के लिये प्रमाणित जैविक बीजो का उपयोग करे द्य जैविक पशुधन फार्म मेंए अन्य पशुओ को नही आने दे द्य कीटोव पीडको का नियंत्रण जैविक विधि से करे द्य पशुओ को प्राकृतिक चरागाहो में ही चराये द्य इन पशुओ से प्राप्त उत्पादों को अन्य पशुओ से प्राप्त उत्पादों से अलग रखे तथा इनमे किसी भी प्रकार का रासायनिक संरक्षक व फीड एड्रीटिव नही मिलाये द्यउत्पादों की पैकेजिंग जैविक तरीके से करेए उत्पादों को प्रमाणीकृत एजेंसी से प्रमाणित करवाकर जैविक उत्पाद होने का मार्का लगाकर ही बेचे जिससे ज्यादा लाभ मिल सके द्य बीमार पशुओ के लिये जहा तक संभव हो होम्योपेथिक व आयुर्वेदिक दवाओ का उपयोग करे।



जैविक पशुपालन के लिये क्या नहीं करेरू. मृदा में संश्लेषित रासायनिक पदार्थो जेसे. कीटनाशी व पीडकनाशी आदि तथा रासायनिक खादों का उपयोग नहीं करे द्य पशुओ में जहा तक संभव हो एलोपेथिक दवाओ का उपयोग नही करे द्य जेनेटिकली मॉडिफाइड वैक्सीन व चारा उत्पादन के लिये जेनेटिकली मॉडिफाइड बीजो का उपयोग नही करे।

डॉ.नरेंद्र चौधरी, डॉ. शशि चौधरी

पशु विज्ञान केंद्र राजुवास बीकानेर

मुर्गियों के पेट में पानी भरने की बीमारी का ईलाज

मृत्युदर- 2-25 तेज बढ़ने वाले ब्रायलर नस्ल को अच्छा सन्तुलित आहार चाहिए और आज के परिवेश में सबसे अच्छा सन्तुलित आहार पिलेट फीड है परन्तु जब भी कोई किसान पिलेट फीड पहली बार शुरू करता हैं, तो तेज वजन बढ़ने के साथ-साथ उसे पेट में पानी भरने का भी सामना करना पड़ता है। यहां एक बार और साफ कर दें- लाट में तेज बढ़ने वाले ब्रायलर एसाईटिस से ज्यादा ग्रस्त होते है, विशेष रूप मे नर ब्रायलर, परन्तु जिनकी मृत्यु होती है, वह औरों के मुकाबले छोटे होते हैं। इसका तात्पर्य साफ है, कि यह तेज बढ़ने वाले ही थे, परन्तु पहले किसी समय इनके फेफड़े दिल एवं लीवर पर बुरा प्रभाव पड़ा, जिसके कारण इनके बढ़ने की रफतार धीमी पड़ गई और मरते समय औरों के मुकाबले छोटे रहे।

पेलट मिमक फीड और फीडिंग का मैनेजमेन्ट किस प्रकार करें कि एमाईटिस की समस्या से बचाएं रखा जाए।

लाभ की बात है पिलेट कम समय में अधिक खाया जाता हैं, इसलिए ब्रायलर तेज गति से बढ़कर कम समय में तैयार हो जाता हैं और एफ.सी.आर. भी कम आता है, परन्तु इसके लिए शरीर में मेटाबालिक क्रिया भी तेज हो जाती है। इस क्रिया की गति बनाए रखने के लिए ऑक्सीजन हवा एवं पानी की आवश्यकता भी बढ़ जाती हैं। यदि यह आवश्यकता पूरी न हुई तो मोटाबालिक गति बहुत तेज होने के कारण ब्रायलर कोशिश करता है कि अधिक से अधिक रक्त फेफड़ों के जरियें पम्प किया जाए, जिससे दिल के राईट वैन्ट्रीकल पर बहुत अधिक दबाव पड़ता हैं, जो वास्तव में बहुत छोटा होता हैं, परन्तु दबाव के कारण इसका आकार दोगुना हो जाता हैं और कमजोर होकर उल्टा प्रैशर डालता हैं, जिसके कारण लीवर से प्लाजमा रिसाव लीक कर पेट में एकत्रित होता है, जो सफेद या पीला तरल होता हैं और पेट फूलना शुरू हो जाता हैं, जिसे एसाईटिस या वाटर बेली के नाम से जाना जाता हैं। अब यहां जो बहुत ही महत्वपूर्ण बाते सामने आई है वह है हवा और पानी।

हवा और पानी की बिल्कुल मुफ्त है, उस पर हम कितना ध्यान देते हैं? बढ़िया वजन कम से कम फीड पर बिना किसी बीमारी के हवा एवं पानी का योगदान किसी भी हालात में बढ़िया से बढ़िया फीड से कम नही। बढ़िया फीड अकेले वह फल नही दे सकती, जिसकी हमें अपेक्षा हैं।

पानी- पिलेट फीड के कारण पानी की आवश्यकता ज्यादा है, अतः पानी हमें हर समय उपलब्ध हो एवं पानी के बर्तन बढ़कर लगायें जायें।

- पानी स्वच्छ फफूंद एवं कीटाणु रहित हो साथ ही पानी में क्लोराईड और सोडियम की मात्रा अधिक न हो-ठण्डा रहे।
- पानी का तापमान जाड़े में कमरे के तापमान से कम न हो और गर्मी में 220 सैंटीग्रेड से अधिक न हो-ठण्डा रहें।

हवा- हवा से ही पक्षी को आक्सीजन प्राप्त होती हैं एवं इसकी कमी आमतौर से पहले दिन से ही शेड में होती है, विशेष रूप से जाड़े में।

- तापमान बनाये रखने के लिए हम शेड को चारों और से पोलिथीन से कवर कर देते हैं। हवा अन्दर जाये तो किधर से जायें। अन्दर बुखारी जलती है, उसे भी जलने के लिए आक्सीजन चाहिए। जो गलती से थोड़ी खींच लेती हैं।

जैविक खेती- एक बेहतर खेती का विकल्प

डॉ. प्रवीण कुमार जागा मृदा वैज्ञानिक/ सहा, प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय, गंजबासौदा

किसानों को अपनी खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए जैविक खादों के प्रयोग से अभियान को आगे बढ़ाने की शुरूआत करना चाहिए। इसके लिए हमारे किसानों को सबसे पहले अपने घर, आंगन, गली एवं खेत में उपस्थित कचरे को एक जगह इक्ट्ठा करें। इनमे से कांच, पत्थर और प्लास्टिक को निकालकर अलग कर ले। आमतौर पर गांव के कचरे में सूखे पत्ते डंठल टहनियां मिट्टी आदि शामिल होती हैं। यह कचरा नाडेप कंपोस्ट बनाने की प्राथमिक सामग्री हैं। इसमें अनुपात अनुसार गोबर मिट्टी और पानी डालकर नाडेप कंपोस्ट बना सकते हैं। मात्र एक गाय के वार्षिक गोबर से 80 से 100 टन अर्थात लगभग 150 बैलगाड़ी खाद प्राप्त किया जा सकता हैं। महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के कृषक श्री नारायण पांडरी पांडे यानि नाडेप काका ने इस विधि को खोजा था। इसलिए इसे नाडेप कंपोस्ट नाम दिया गया हे। इस विध से तैयार खाद में नत्रजन 0.05 से 1.5 प्रतिशत स्फुर 0.5 से 0.9 प्रतिशत तथा पोटाश 1.2 से 1.4 प्रतिशत पाया जाता हैं। नाडेप की प्राकृतिक पद्धति पूर्णत्या अप्रदूषणकारी एंव जैविक है। इसमें गांव के कूड़े-कचरे का कल्याणकारी उपयोग होगा, साथ ही गांव स्वच्छ हर कर स्वास्थ्यवर्धक होगा तथा पोषक अन्न प्राप्त होगा। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बढेगी और रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं पर निर्भरता भी कम होकर उनके दुष्परिणामों से भी बचा जा सकेगा। इस तरह से आप प्राकृतिक खाद का निर्माण कर सकते हैं और अपनी खेती को लाभ का धंधा भी बना सकते हैं।

नाडेप टांका बनाने की विधि- योग्य पाया भरकर जमीन के ऊपर ईंट का एक आयताकार टांका बनाया जाता हैं। जिसकी दीवारे 9 इंच चौड़ी होती हैं। टांके के अन्दर का माप लंबाई 12 फीट, चौड़ाई 5 फीट और ऊंचाई 3 फीट होती हैं। ईंटों की जुड़ाई मिट्टी से की जा सकती हैं। सिर्फ आखिरी रद्दा सीमेंट से जोड़िये ताकि टांका गिरने का डर नही रहेगा। टांके का फर्श ईंट पत्थर के टुकड़े डाल कर सीमेंट से पक्का करे। यह टांका हवादार होना आवश्यक है, क्योंकि खाद सामग्री को पकने के लिए कुछ मात्रा में हवा की आवश्यकता होती हैं। इसके लिए टांका बांधते समय चारों दीवारों में छेद रखें जाते हैं। ईंटों के हर दो रद्दों की जुड़ाई के बाद तीसरे रद्दे की जुड़ाई करे। इस प्रकार चारों दीवारों में छेद बनेगे। छेद इस प्रकार रखिए कि पहली लाईन के दो छेदों के मध्य में तीसरी लाईन के छेद आयें। इस प्रकार से तीसरे छटे एवं नौवें रद्दे में छेद बनेगें। छेदों की संख्या बढ़ाने से खाद जल्दी पक जाती हैं। इस टांके को अंदर बाहर दीवारों और फर्श को गोबर मिट्टी से लीप दें। टांका सूखने के बाद ही प्रयोग करें। बरसात व अत्यधिक गर्मी में नाडेप टांके के ऊपर अस्थाई छाया हैं।

नाडेप बनाने हेतु सामग्री

वानस्पति व्यर्थ पदार्थ- कुछ वनस्पति पदार्थ जैसे सूखे पत्ते छिलके डंठल टहनियां जड़े आदि जिसकी मात्रा 1400 से 1500 कि.ग्रा. या 400 घनफूट होना चाहिए, साथ ही इस बात का ध्यान रखना चाहिए, कि इसमें प्लास्टिक कांच एंव पत्थर नही होना चाहिए।

गोबर- पशुओं को गोबर जो 90 से 100 कि.ग्रा. या 8 से 10 टोकने गोबर का उपयोग करना चाहिए। गोबर को संयत्र से निकली स्लरी भी उपयोग में लाई जा सकती हैं।

सूखी छनी मिट्टी- खेत की या नाले आदि की मिट्टी के पहले उपयोग करना चाहिए। उपयोग के पहले इसमें से प्लास्टिक काचं एवं पत्थर आदि खाद न बनाने वाले पदार्थ निकाल लेना चाहिए। इसकी मात्रा करीब 2750 किलो या 120 टोकने गौमूत्र से सनी मिट्टी बहुत उपयोग होती हैं।

पानी- समयानुसार कम या ज्यादा पानी का उपयोग करना चाहिए, किंतु साधसरणतया सूखे वानस्पतिक पदार्थ के वजन बराबर 25 प्रतिशत वाष्पीकरण के लिए 1500 से 2000 लीटर प्रति कंपोस्ट खाद उपयोग में लाना चाहिए। जिसमें गौमूत्र एवं पशुओं का मूत्र भी मिट्टी में मिलाना चाहिए।

टांका भरने की पद्धति- सबसे पहले हमारे किसान उपरोक्त बताए अनुसार सामग्री की व्यवस्था लें। तत्पश्चात निम्नानुसार क्रम से टांका को भरे। जिस तरह अचार एक ही दिन या 24 घंटे में डाला जाता हैं। ठीक उसी तरह टांका एक दिन में भरकर सील कर देना चाहिए। अन्यथा खाद बनाने की क्रिया प्रभावित हो सकती हैं। भराई विधि निम्नानुसार क्रम से करें।

प्रथम उपचार- जिसके अंतर्गत प्रथम भराई का काम करने से पहले टांके के अंदर की दीवार को अच्छी तरह से पानी छिड़क कर गीला कर लेना चाहिए। अब बात करते है, दूसरी परत की जिसमें गोबर का घोल पहली परत इस प्रकार छिड़के कि पूरी वनस्पति अच्छी तरह भाग जाये। गर्मी के मौसम में पानी का अंश अधिक रखें। यदि आपने गोबर की स्लरी ली हो तो 2.5 गुना या 10 ली. पानी की मात्रा कम रखें। इसके बाद साफ छनी भीगी मिट्टी वनस्पति पर डाले। जिसकी मात्रा कम से कम 50 से 60 किलो या वनस्पति के वजन की 50 प्रतिशत काली मिट्टी समतल बिछा देना चाहिए और उस पर पानी छिड़क देना चाहिए। अब तीसरी परत के लिए साफ सूखी छनी मिट्टी भीगी हुई वनस्पति परत पर वनस्पति के वजन की 50 प्रतिशत यानि 50 से 60 किलो काली मिट्टी समतल बिछा दें। टांके को इस प्रकार तीन परतों को क्रम से टांके के मुंह के ऊपर 1.5 फीट ऊंचाई का झोपड़िनुमा आकार में भरते जाईए। साधारणत्या 11-12 तहों में टांका भर जायेगा। अब भरे टांका को सील कर दें। भरी सामग्री के ऊपर 3 इंच की मिट्टी की तह जमा दें और उसे गोबर के मिश्रण से व्यवस्थित रूप से लीप दें और यदि इस पर दरारे पड़े तो उन्हें लीप दें।

द्वितीय उपचार- इसे फिर से वनस्पति कचरे की उपरोक्त विधि से 6-6 इंच की परत से टांके से दो से ढ़ाई फीट ऊपर तक भर दें और टांके गोबर से लीपकर सील कर दें। सामग्री नम बनी रहे उसे सूखने न दे जरूरत के अनुसार इन्ही छेदों में पानी छीटते रहे। 70 से 90 दिन बाद, जब खाद पक गई हो और तापमान सामान्य हो जावे तब टांके में सब्बल से जगह-जगह 15 से 20 छेद करें। अब एक-एक किलो राईजोबियम एजेटोबेक्टर जीवाणु और पी.एस.एम. एक-एक बाल्टी पानी में अलग-अलग घोलकर अलग- अलग छेदों को फिर से बंद कर दें। उचित यह होगा कि जिस फसल में उत्पादित खाद का उपयोग किया जाना है, उसी फसल से संबंधित राईजोबियम कल्चर का उपयोग करें। खाद की गुणवत्ता बढेगी। नत्रजन स्फुर व पोटाश की मात्रा अधिक होगी और अधिक संख्या में जीवाणु भी होगें। 110-120 दिन बाद टांके से निकाले। खाद के ढेर को छांव में रखकर पत्ते से ढेक दें। इस पर पानी का हल्का छिड़काव करें। ऊपरी अधपका 10-15 प्रतिशत कचरा अलग कर उसे नया टांका भरते समय काम में लावे। एक टांके भरते समय काम में लावे। एक टांके से 2.5 से 2.7 टन खाद निकलती है, जो एक हैक्टेयर क्षेत्र के लिए पर्याप्त होगी।

दक्षता- नाडेप परिपक्व होने के लिए प्रथम भराई की तारीख से 90 से 120 दिन लगते है। इस पूरे समय में खाद में सार्द्रता बनी रहने के लिए और दरारे बंद करने के लिए गोबर पानी का छिड़काव करते रहना चाहिए। आवश्यक लगे तो छेदों में भी पानी छिड़क कर इस पर दरारे न पड़ने दे। घास उगे तो उसे निकाल दें। नमी कायम रखे यदि कड़ी धूप हो तो उस पर घास फूस की चटाई से छायां कर दें या अस्थाई छप्पर बना दें, जिससे धूप एवं वर्षा से सरंक्षण मिल सके।

खाद की परिपक्वता- तीन चार महीने में खाद गहरे भूरे रंग की बन जाती हैं और सब दुर्गन्ध समाप्त होकर एक अच्छी खुशबु आती हैं। खाद सूखना नही चाहिए। इसमें 15 से 20 प्रतिशत नमी रहना ही चाहिए। इस खाद को एक फीट से 35 तार वाली छलनी से आड़ी रखकर छान लेना चाहिए। छना हुआ नाडेप कंपोस्ट खाद उपयोग में लाना चाहिए और छलनी के ऊपर का अर्द्धपक्व कच्चा माल फिर से खाद बनाते समय वनस्पति पदार्थ के साथ उपयोग में लाना चाहिए। छना खाद प्रति एकड़ 20 से 25 घन फीट बोकर दिया जा सकता हैं।

खाद के उपयोग की पद्धति- यदि आपके पास प्रति एकड़ वर्ष 3 से 5 टन खाद बोनी के 15 दिवस पूर्व खेत में फैला कर बखर चला देना चाहिए। यदि पहले ही वर्ष रासायनिक खाद नही देना हो तो नाडेप कंपोस्ट की मात्रा की तीन गुनी यानी कम से कम 10 से 15 टन नत्रजन 50 से 70 टन स्फुर और 130 किलो पोटाश और 9700 किलो सूक्ष्म अन्नद्रयुक्त पोषण मिल सकता है, क्योंकि कोई खाद पहले वर्ष में 33 प्रतिशत दूसरे वर्ष में 45 प्रतिशत और शेष 22 प्रतिशत तीसरे, चौथे वर्ष में पूरा उपलब्ध नही हो सकता हैं।

अमृत पानी- देशी गाय के 10 किलो ग्राम ताजे गोबर की देशी गाय के दूध से बना नोनीया घी 250 ग्राम अच्छी तरह फेटे, इसके बाद इसमें 500 ग्राम शहद मिलाकर फेटे। इस मिश्रण में से करीब आधा किलो मिश्रण लेकर बड़ के पेड़ के नीचे की आधा कि.ग्रा. मिट्टी अच्छी तरह मिला दें। अब इसकी एक कि.ग्रा मिश्रण को पतला कर बोनी करे। बोवनी के बाद अमृत पानी का छिड़काव करें।

विधि- अमृत पानी को या तो बोवनी के पूर्व की सिंचाई के साथ या बोवनी के बाद की प्रथम सिंचाई के साथ करें।

अमृत संजीवनी- मोबिल आईल की खाली 200 लीटर वाली ढक्कन कोठी लेवे। जिसमें दो रिंग से तीन समान भाग होते हैं। इस ड्रम में देशी गाय बैल बछियां का ताजा 60 किलो गोबर डाले। जिसमें दो रिंग तक अर्थात 2/3 भाग पर जावेगा। इस गोबर पर तीन कि.ग्रा यूरिया, तीन कि.ग्रा. सिंगल सुपर फास्फेट तथा एक किलो ग्राम म्यूरेट ऑफ पोटाश कुल 7 कि.ग्रा. रासायनिक उर्वरक तथा दो किलो मूंगफली की खली डाले। अब इस टंकी में पानी भर दें। मात्र ऊपर के किनारे से तीन इंच खाली रखें। संपूर्ण मिश्रण को लकड़ी से अच्छी तरह चला दें और ढक्कन बंद करके 48 घंटे यानि दो दिन रखे। तत्पश्चात फसल में दें।

उपयोग विधि- प्रति कतार एक लीटर अमृत संजीवनी का मिश्रण देना चाहिए। मिश्रण को हाथ से मिलाकर महीन कर लेना चाहिए। पहले छिड़काव के 7 दिन बाद बदलाव दिखने लगेगा।

मटका खाद- 15 कि.ग्रा. ताजा गोबर, देशी गाय का 15 लीटर ताजा गोमूत्र तथा 15 लीटर पानी मिट्टी के घड़े में घोल लेवे। इसमें 250 ग्राम गुड़ भी मिला देवे। इस घोल को मिट्टी के बर्तन में ऊपर से कपड़ा या टाट मिट्टी से पैक कर देवें। 4-5 दिन बाद इस घोल में 200 लीटर पानी मिलाकर एक एकड़ खेत में समान रूप से छिड़क देवें। यह छिड़काव बोनी के 15 दिन बाद करें। पुनः सात दिन बाद दोहरावें। सामान्यतया फसल में 3-4 बार और लंबी अवधि की फसल जैसे गन्ना, केला, हल्दी में 8 बार छिड़के।

